# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 14 मई 2025






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

# CVRU TALENT SEARCH COMPETITION-2025

## टैलेंट सर्च प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में पंजीयन ऑनलाईन एवं ऑफलाईन मोड पर किया जा सकता है

### CVRU TALENT SEARCH COMPETITION-2025 — APPLICATION FORM

1. Name :
2. Fathers Name :
3. Category : SC ☐ ST ☐ OBC ☐ GEN ☐
4. Class ☐
5. Gender: Male ☐ Female ☐
6. Subject: Maths ☐ Bio ☐ Art ☐ Comm ☐ Agri ☐ Other ☐ Specify ..................
7. Name of School :
8. Address :
9. Applicant's Contact No :

Applicant's Signature

प्रथम पुरस्कार 75 हजार | द्वितीय पुरस्कार 50 हजार | तृतीय पुरस्कार 25 हजार | सांत्वना पुरस्कार 500 विद्यार्थियों को

## HELP DESK FOR ENQUIRY

- **RAIPUR** : 2nd Floor, "ACE Global" Opp. Minocha Petrol Pump, G.E.Road, Telibandha, Raipur - 492006, Chhattisgarh, Phone: +0771-6611111, 4022197, Mo. 9165550308
- **JAGDALPUR** : 2nd Floor, Dubey Complex, Near Punjab Bhawan, Rautpara, Azad Chowk, Pandit Dindayal Upadhyay Ward, Jagdalpur: 494001, Distt: Bastar, (C.G.), Phone: 07782-225223, Mo. 9826882871, 7772044779
- **BHILAI** : Near Ekta Park, Maitri Vihar, Radhika Nagar, Bhilai, District DURG: 490020, CHHATTISGARH, Ph: +91-0788-2295617, 2294009, Mo. 6261639787
- **RAJNANDGAON** : NH-6, GE Road Near Collectorate SBI Branch, Infront of Manokamna Bhawan, Shakti Nagar, Rajnandgaon: 491441, Chhattisgarh, , Phone: 91-07744-228568 Mo. 7828343001, 7000180528
- **BILASPUR** : Infront of Pallav Bhawan, Ring Road No.2, Bilaspur, Chhattisgarh, Pin 495001 Ph. 07752-448799 Mo. 9109028878
- **AMBIKAPUR** : 1st Floor, Anand Shree Complex, Near Multipurpose Hr. Sec. School, Collectorate Bunglow Road, Gudri Chowk, Ambikapur : 497001, Dist: Sarguja, (C.G.), Phone: 07774-221363, Mo: 8463079985, 9644773322
- **KORBA** : Plot No 238, Amar Palace, Near Nirmala School, Kosabadi Chowk, Korba, Distt: Korba, (C.G.), PIN-495677, Ph.: 07759-222002, Mo: 9770214616,
- **RAIGARH** : Opp. JMJ Morning Star Hospital, Pahad Mandir Road, Near Degree College, Lochan Nagar, Raigarh: 496001, (C.G.), Mo.: 7999581884, 9893770334





# CVRU-SET

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY-SCHOLARSHIP ENTRANCE TEST

NEP के अंतर्गत विश्वविद्यालय में प्रवेश एवं छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन परीक्षा

## PROGRAMMES OFFERED

### ENGINEERING & TECH.
- **B.Tech.**
  - Mechanical Engineering
  - Civil Engineering
  - Electrical Engineering
  - Electronics & Comm. Engg
  - Computer Science Engg.
  - Electrical & Electronics Engg.
- **Polytechnic Diploma**
  - Civil Engineering
  - Mechanical Engineering
  - Computer Science Engg.
  - Electrical Engineering
- **M. Tech.**
  - Digital Communication
  - Power System
  - Computer Science Engg.
  - Production Engineering
  - VLSI • Software Engg.
- **UG Diploma in Fire Safety Management**

### SCIENCE
- **B.Sc.** (Mathematics, Biology, Microbiology, Biotech, Computer Science, Rural Technology)
- **M.Sc.** (Physics, Chemistry, Mathematics, Micro-Biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology, Applied Physics)
- **PGDRD**

### PHARMACEUTICAL SCIENCES
- **B. Pharm-**(4-Year Course)
- **D. Pharm-**(2-Year Course)
- **M. Pharm-**(2-Year Course)
- **UG Nutrition & Dietetics**

### MANAGEMENT
- B.B.A. | M.B.A. | PGDBM

### COMMERCE
- B.Com. | M.Com.

### Research Programmes
Ph.D.

### ARTS
- **B.A.** (Chhattisgarhi, Hindi, Sanskrit, English, Economics, Geography, History, Political Science, Sociology)
- **PERFORMING & FINE ARTS** (Indian Music (Vocal) Kathak, Tabla, Guitar) **B.P.A. | M.P.A.**
- **M.A.**
  - **Linguistics-** (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit)
  - **UG Diploma in Foreign Language**
  - **Diploma in Karmakand**
  - **Diploma in Jyotish evam Vastu**
  - **Social Science -** (History, Geography, Economics, Sociology Political Science, Education, Rural Development)
  - **PG Diploma In Geospatial Technology**
- **B.Lib. | M.Lib.**
- **M.S.W.** (Social Work)
- **B.J. | M.J.**

### INFORMATION TECH.
- M.Sc. (IT) • M.Sc. (CS)
- PGDCA • BCA • DCA

### B.VOC
- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services & Insurance
- AC & Refrigeration
- Construction • Production Technology
- Multi Media & Animation
- Fashion Designing • Interior Decoration
- Fire & Safety (Industrial & Construction)
- Hospital Administration
- House Keeping • Home Care

### LAW
- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)

### PHYSICAL EDUCATION
- B.P.E.S. | M.P.E.S.

### EDUCATION
- B.Ed. | M.Ed.

पंजीयन के लिए QR CODE स्कैन करें

पंजीयन की अंतिम तिथि **15 जून 2025**

- परीक्षा ऑनलाईन माध्यम से होगा।
- परीक्षा के लिए पंजीयन निःशुल्क है।
- यह परीक्षा 10वीं और 12वीं के अनुसार विषयवार होगा।
- टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में प्रावीण्य सूची में आने वाले प्रथम 500 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने पर योग्यतानुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जावेगी।

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.)

Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

CONTACT FOR MORE DETAILS: 6261-900581/82

AdPRAYAS

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 14 मई 2025


छत्तीसगढ़ से प्रगति अग्रवाल ने 12वीं में 98.5 प्रतिशत और 10वीं में शिवांश पोद्दार ने 99 प्रतिशत से किया टॉप

**ऐसा पहली बार : टॉप 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों को दिए जाएंगे प्रमाणपत्र**

# सीबीएसई 12वीं... दो छात्राओं के 500 में 499 अंक, देश में अव्वल
# छत्तीसगढ़ में प्रगति को 98.5 प्रतिशत, 10वीं में भी लड़कियां आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। इस साल दसवीं में 95 फीसदी लड़कियां और 92.63 फीसदी लड़के पास हुए। बारहवीं में 91.64 फीसदी छात्राएं और 85.7फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई ने कहा कि वह किसी भी अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में न तो कोई मेधावी सूची घोषित करेगा और न ही छात्रों की उत्तीर्ण श्रेणी इंगित करेगा। बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम ▶▶|शेष पेज 5 पर





**श्लोका और सावी को मिले 499 अंक**

**सावी बोली- हर दिन पांच घंटे पढ़ाई:** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की श्लोका उपाध्याय और शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की सावी जैन दोनों ने 12वीं की परीक्षा में 500 में से 499 अंक ▶▶|शेष पेज 5 पर



### प्रथम-द्वितीय तृतीय नहीं होगी श्रेणी

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, बोर्ड द्वारा पहले लिए गए निर्णय के अनुसार, विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए, सीबीएसई द्वारा कोई मेधावी सूची तैयार और घोषित नहीं की गई है।

## *छग में 12वीं के 82 फीसदी से ज्यादा परीक्षार्थी हुए पास, 10वीं का रिजल्ट 90 फीसदी से ज्यादा*

*रायपुर। सीबीएसई दसवीं-बारहवीं के नतीजों में छत्तीसगढ़ का स्थान भी ऊपर रहा। 12वीं में 82.17 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। देश की तरह यहां भी लड़कियों ने बाजी मारी है। वे लड़कों से आगे रहीं। दसवीं का रिजल्ट 90.52 प्रतिशत रहा। 12वीं में प्रदेश का ओवरऑल 82.17 फीसदी रिजल्ट रहा। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो छत्तीसगढ़ में इस साल 31711 स्टूडेंट्स ने 12वीं की परीक्षा दी थी। इनमें से कुल 26057 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। छात्रा-छात्राओं का प्रतिशत भी सामने आया है। इस बार भी बाजी लड़कियों के हाथ रही। यहां 13344 लड़के* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दसवीं में ऐसा रहा परिणाम

दसवीं बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ के 34481 स्टूडेंट शामिल हुए थे। इसका रिजल्ट 90.52 प्रतिशत रहा। दसवीं की परीक्षा में भी प्रदेश की लड़कियों ने बाजी मारी।

## सालभर के लिए छोड़ा सोशल मीडिया, सेल्फ स्टडी व शॉर्ट नोट्स ने बनाया टॉपर

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। हालांकि बोर्ड ने मेरिट सूची जारी नहीं की, पर आंकड़े बता रहे हैं कि यहां 12वीं कक्षा में प्रगति अग्रवाल ने 98.5 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, वहीं 10वीं में डीपीएस रायपुर के छात्र शिवांश पोद्दार ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। खास बात* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अनुशासित दिनचर्या बनी सफलता की कुंजी



एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल से कक्षा 12वीं में कामर्स की छात्रा प्रगति अग्रवाल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98.5 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। हरिभूमि से बातचीत में प्रगति ने बताया कि ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बिना कोचिंग के हासिल किए 97 अंक



हॉली क्रॉस स्कूल, लोधीपारा की छात्रा पूर्वी नितेश पटेल ने 12वीं कॉमर्स में 97 प्रतिशत अंक मिले है। पूर्वी ने यह उपलब्धि बिना किसी कोचिंग के केवल सेल्फ स्टडी के दम पर हासिल की है। बिजनेसमैन नितेश ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पढ़ाई को नहीं बनने दिया प्रेशर



डीपीएस रायपुर के छात्र शिवांश पोद्दार ने छत्तीसगढ़ में सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किया है। हरिभूमि से बातचीत में अपनी सफलता के बारे में बात करते हुए शिवांश ने बताया कि ▶▶|शेष पेज 5 पर

## आदमपुर एयरबेस से 'आक्रामक दहाड़' के साथ प्रधानमंत्री का पाकिस्तान को दो टूक संदेश

# पीएम मोदी बोले- हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे

**'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से मुलाकात की। जवानों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, आतंक के खिलाफ भारत की लक्ष्मण रेखा अब एकदम स्पष्ट है। अब फिर कोई आतंकवादी हमला हुआ तो भारत जवाब देगा। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिए राष्ट्र के नाम संबोधन के ठीक अगले दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब स्थित भारतीय वायुसेना के दूसरे सबसे बड़े आदमपुर एयरबेस पर पहुंचे। जहां उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के प्रचंड जयघोष के बीच सैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए पूरी आक्रामकता के साथ पाकिस्तान और पाले हुए आतंकियों को न केवल साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि अब भारत आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ किसी भी तरह की माफी के मूड में कतई नहीं है। 'हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे'। बल्कि चीन में निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमान से एस-400 हवाई मिसाइल रक्षा प्रणाली और आदमपुर एयरबेस के रनवे को ध्वस्त करने के पाकिस्तान के हवा हवाई दावे की भी पूरी दुनिया के सामने पोल खोलकर रख दी। पीएम के साथ इस यात्रा में ▶▶|शेष पेज 5 पर

- पीएम मोदी ने जवानों के बीच उनकी हौसला अफजाई की ठहाके भी लगाए

### यूं सनसनाती है मिसाइलों की आवाज

प्रधानमंत्री ने सैन्यकर्मियों के समक्ष गर्व जताते हुए कहा कि आप सभी ने अपने लक्ष्य को पूर्णता के साथ हासिल किया है। पाक में आतंकी अड्डों और उनके हवाई अड्डों को नष्ट किया गया। बल्कि दुश्मन के नापाक मंसूबों और दुस्साहस को भी परास्त किया गया है। इन मौकों पर कई बार भारत की गूंज साफ सुनाई देती है। पहला, जब हमारी सेनाएं परमाणु ब्लैकमेल की धमकी को उड़ा देती हैं तो आसमान से केवल एक बात ही गूंजती ▶▶|शेष पेज 5 पर



### सशस्त्र बलों के प्रति आभारी रहेगा देश

पीएम मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट में आदमपुर एयरबेस की कई सारी फोटो और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'भारत अपने सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी रहेगा। क्योंकि वह हमारे देश के लिए हर काम करते हैं।

### एस-400 के पास खड़े होकर दिखाया सच

पीएम ने सैन्यकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए मिग-29 लड़ाकू विमान और एस-400 सिस्टम के ठीक पास खड़े होकर पाकिस्तानी झूठ का दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया।

### रक्षा मंत्री ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की। इस अहम बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

### भारत का पाकिस्तान पर सख्त एक्शन

भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत वहां के एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भारत का सीधा जवाब**

# कश्मीर पर मध्यस्थता मंजूर नहीं, पीओके खाली करे पाकिस्तान



भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर को लेकर दिए बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। भारत ने मंगलवार को कहा कि उसका लंबे समय से रुख यह है कि कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रूप से सुलझाया जाना चाहिए और इस रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कश्मीर पर किसी की भी मध्यस्थता भारत को मंजूर नहीं है। हमारा लंबे समय से रुख रहा है कि भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से सुलझाना होगा। इस रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि एकमात्र मुद्दा पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्रों को खाली करना है।

### परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेगा भारत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारत का दृढ़ रुख है कि वह परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेगा और न ही इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों की अनुमति देगा। जायसवाल ने कहा, विभिन्न देशों के साथ बातचीत में हमने उन्हें इसे लेकर भी आगाह किया कि इस तरह की स्थिति में शामिल होने से उन्हें अपने क्षेत्र में नुकसान हो सकता है।

### नहीं देंगे पानी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता। पाकिस्तान ने उद्योग की तरह आतंकवाद को पोषित किया। भारत ने उन आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया जो न केवल भारतीयों की, अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए भी जिम्मेदार थे।

## बाइक और 15 हजार आमदनी वालों को भी मिलेगा पीएम आवास

# मकान छीनकर कांग्रेस ने पाप किया था इसलिए लगी गरीबों की हाय: शिवराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भूपेश बघेल की सरकार ने एक पाप किया था, उन्होंने आपके मकान छीन लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राशि भेजते थे लेकिन उन्होंने मकान नहीं बनाए। गरीबों के मकान नहीं बनाना पाप है। लाखों लोगों के तुमने मकान छीन लिए और उन्ही गरीबों की तुमको हाय लगी है जो तुम्हारा पता नहीं है कि तुम आज कहां चले गए। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान मंगलवार को पीजी कॉलेज मैदान से सरगुजा संभाग और प्रदेश की जनता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास के हितग्राहियों के पैर पखारे इसके साथ ही पीएम आवास के 51 हजार हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। ▶▶|शेष पेज 5 पर

- 3 लाख 7 हजार से अधिक नए आवासों की स्वीकृति से 18 लाख का लक्ष्य पूर्ण

### पाकिस्तान ने तीन दिनों में टेके घुटने

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सबसे पहले भारत की सेना को प्रणाम है, उनके शौर्य और वीरता को नमन है। जवानों के अचूक निशाने और पीएम नरेंद्र मोदी की सटीक रणनीति को प्रणाम है जिन्होंने हमारी बेटियों की मांग का सिन्दूर उजाड़ा उन आतंकवादियों के अड्डे को समूल नष्ट करके भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं और अगर किसी ने हमें छेड़ा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि बड़ी अकड़ दिखाता था पाकिस्तान, तीन दिन नहीं टिका।

### पांच साल तक रहे वंचित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस के सरकार में 5 साल तक गरीबों का अधिकार छीना गया, उनके सिर से छत का अधिकार छीना गया। 18 लाख गरीब पांच साल पीएम आवास से वंचित हो गए वो भी सिर्फ इसलिए क्यों कि उस समय के सीएम को इस बात से एतराज था कि योजना में पीएम का नाम जुड़ा हुआ है। इसलिए 18 लाख गरीब जनता से अन्याय कर दिया गया और यही वजह है कि आज 12 के भाव में बह गए। सीएम श्री साय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 2023 के विस चुनाव में वादा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत करना हमारा पहला काम होगा।

### *सरकार के कामकाज से जनता संतुष्ट : साय*

*मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में सुशासन तिहार चल रहा है। 5 मई से तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। हमारे मंत्री, सांसद विधायक, जनप्रतिनिधि शिविर में जा रहे हैं और हम जिलों में समीक्षा बैठक ले रहे हैं। डेढ़ साल में हमने जो योजना चलाई है उसका लाभ मिल रहा है या नहीं इसका औचक निरीक्षण किया जा रहा है। पानी, राशन, शिक्षकों की उपस्थित की जानकारी ली जा रही है। मैं स्वयं 11 जिलों में गया और सभी जिलों के दौरे से पूरी तरह से संतुष्ट हूं कि सरकार का काम काज ठीक से चल रहा है।*

# शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के डूब गए 1.29 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजारों में आज 13 मई को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स लगभग 1300 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी लुढ़ककर 24,600 के नीचे आ गया। कल सोमवार की रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद निवेशक आज मुनाफावसूली करते हुए दिखाई। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 1.29 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है।



### सेंसेक्स 1,281.68 गिरा

कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 1,281.68 अंक या 1.55 फीसदी टूटकर 81,148.22 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स 346.35 अंक या 1.39 फीसदी की गिरावट के साथ 24,578.35 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं सेंसेक्स के बाकी 25 शेयर आज गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें भी इंफोसिस का शेयर 3.54 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं इटर्नल, पावर ग्रिड , एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट देखी गई।

# नक्सलियों ने शिक्षादूत, रसोइये समेत पांच को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर के उसूर व पामेड़ थाना क्षेत्र में बीते 48 घंटे में माओवादियों ने पांच लोगों की निर्मम हत्या कर दी। माओवादियों ने खूनी खेल खेलते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता व सो सा य टी संचालक, शिक्षादूत, रसोईया समेत पांच ग्रामीणों को मौत के ▶▶|शेष पेज 5 पर

- बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कंचाल व मीनागट्टा का मामला



### करेंगुट्टा ऑपरेशन थमते ही नक्सली बेखौफ घटनाओं को दे रहे अंजाम

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन के थमते ही नक्सलियों के हौंसले बुलंद हो गए है और उनके द्वारा लगातार हत्याकांड को अंजाम देते हुए ▶▶|शेष पेज 5 पर

### विधायक मण्डावी ने की कड़ी निंदा

बीजापुर जिले में लगातार नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों की हत्या की वारदात के बाद ग्राम कंचाल स्थित मृतकों के घर पर पहुंचे और परिवारों को सांत्वाना दी। इस दौरान विधायक मण्डावी ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

## 30 जून को रिटायर होंगे मौजूदा सीएस

**वरिष्ठ आईएएस अमित अग्रवाल, निधि छिब्बर, विकासशील हैं प्रतिनियुक्ति पर**

# सीएस जैन अगले महीने होंगे रिटायर छत्तीसगढ़ के तीन एसीएस दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, भारतीय प्रशासनिक सेवा 1989 बैच के अधिकारी अमिताभ जैन अगले महीने 30 जून को अपने पद से रिटायर हो जाएंगे। उनके बाद राज्य का अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इसकी अटकलें शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ सरकार वरिष्ठता के लिहाज से तीन अतिरिक्त मुख्य सचिवों के नाम पैनल में शामिल कर केंद्र सरकार को भेजेगी। केंद्र उनमे से किसी एक के नाम पर मुहर लगाएगी। छत्तीसगढ़ में इस वक्त 1991 बैच की अतिरिक्त मुख्य ▶▶|शेष पेज 5 पर



सुब्रत साहू | रेणु गोनेला पिल्ले | ऋचा शर्मा

### *30 नवंबर 2020 से मुख्य सचिव हैं अमिताभ*

*अमिताभ जैन वरिष्ठ आईएएस हैं और रायपुर जिले के कलेक्टर से लेकर मुख्य सचिव के पद पर पहुंचे हैं। इस बीच उन्होंने कई वरिष्ठ पदों पर अपने दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किया है। यही नहीं, वे साफ-सुथरी छवि वाले एक कर्मठ अधिकारी भी माने जाते हैं। श्री जैन 30* ▶▶|शेष पेज 5 पर

**ये हैं प्रमुख दावेदार**

छत्तीसगढ़ में वरिष्ठता के आधार पर मुख्य सचिव पद के प्रमुख दावेदारों में महिला अधिकारी रेणु गोनेला पिल्ले का नाम है। वे 1991 बैच की आईएएस हैं। वर्तमान में वे एसीएस के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उनके बाद के क्रम में सुब्रत साहू हैं जो 1992 बैच के आईएएस हैं। श्री साहू भी एसीएस के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन दोनों दावेदारों के बीच तीसरे दावेदार के रूप में अमित अग्रवाल का नाम चर्चा में है। वे 1993 बैच के आईएएस हैं। श्री अग्रवाल छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी है। वे वर्ष 2016 से केंद्रीय सरकार की प्रतिनियुक्त पर ▶▶|शेष पेज 5 पर

*नई दिल्ली। भारत व पाकिस्तान को 10 मई को हुए सीजफायर के बाद धीरे-धीरे हालात सामान्य होने लगा है। बार्डर से लगे गांवों में लोग राहत शिविरों से घरों में लौटने लगे हैं। कश्मीर के श्रीनगर जैसे शहरों में दुकानें भी खुल गई हैं, आम लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। पंजाब, राजस्थान जैसे बार्डर से लगे अन्य राज्यों में भी स्कूल-कालेज खुल गए हैं। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। इसके जवाब में भारत ने 6 मई की रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी ड्रोन अटैक किया था, जिसके जवाब में भारत ने लगातार पलटवार किया था। 10 मई तक जंग के हालात बने रहे।*

# हालात हो रहे सामान्य

**भारत-पाक सीजफायर का मंगलवार को था चौथा दिन**

**बार्डर से लगे इलाकों में पटरी पर लौट रही ज़िंदगी**


श्रीनगर में स्कूल खुले


बारामूला में राहत शिविर से वापस घर लौटते लोग


लाल चौक में चहल-पहल


खुली दुकानें


## खबर संक्षेप

### भारत संग सैन्य संघर्ष में 11 जवान मारे गए : पाक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष में उसके एक स्क्वाड्रन लीडर समेत 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। पाक सेना ने एक बयान में यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत द्वारा किए गए 'बिना उकसावे के और निंदनीय कायराना हमलों' में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए।

### सीजफायर पर केंद्र लोगों के सवाल का जवाब दे



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि 'अचानक संघर्ष विराम के फैसले' के पीछे क्या वजह है। हालांकि, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकी ठिकानों पर हमला करने के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने आश्चर्य जताया कि जब लोग सरकार के साथ खड़े थे तो सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति की घोषणा क्यों की गई।

### अंकारा में कल पुतिन का इंतजार करूंगा: जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह तीन साल से ज्यादा वक्त से जारी युद्ध के बारे में आमने-सामने बातचीत करने के लिए इस सप्ताह तुर्किये की राजधानी में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रतीक्षा करेंगे। पुतिन ने अब तक यह नहीं बताया है कि वह वार्ता में शामिल होंगे या नहीं, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लड़ाई रोकने के वाशिंगटन के प्रयासों के तहत दोनों पक्षों से वार्ता में शामिल होने का आग्रह किया है।

**कश्मीर के इलाकों में जांच एजेंसियों ने 3 आतंकियों की जारी की तसवीर**

# पहलगाम हमले के आतंकियों के लगे पोस्टर, सुराग देने पर 20 लाख ईनाम

*जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के विभिन्न हिस्सों में पोस्टर लगे हैं, जिनमें पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के बारे में सूचना देने पर 20 लाख रुपए का ईनाम देने की घोषणा की गई है। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद से ही हमले में शामिल आतंकी फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस और सेना लगी हुई है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में कई स्थानों पर चिपकाए गए पोस्टरों में उन तीन आतंकवादियों की तस्वीरें हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने 22 अप्रैल को पर्यटक स्थल बैसरन घाटी में हुए हमले को अंजाम दिया था। पोस्टरों में हमले में शामिल आतंकवादियों के बारे में लोगों से सूचना मांगी गई है।

**22 अप्रैल को बैसरन में हुई थी यह पाक समर्थित कायराना हरकत**

**फरार हैं हमले में शामिल आतंकवादी**




**उर्दू में लिखे गए पोस्टर :** ऐसी सूचना देने पर 20 लाख रुपए से अधिक का ईनाम देने की पेशकश की गई है। उर्दू में लिखे गए पोस्टरों में आतंकवादियों का पता लगाने में लोगों की मदद मांगी गई है। इसमें कहा गया है, 'निर्दोष लोगों की हत्या करने वालों के लिए हमारे देश में कोई जगह नहीं है।' सुरक्षा एजेंसियों ने हमले में शामिल होने के संदेह में तीन लोगों के स्केच जारी किए थे। ये सभी आतंकी पाकिस्तानी हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं। इनके कोड नाम मूसा, यूनुस और आसिफ थे। ये पुंछ में आतंकी घटनाओं में शामिल थे।

**ये है मुख्य आरोपी**

*बता दें कि अनंतनाग जिले का निवासी आदिल ठोकर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए नरसंहार का मुख्य आरोपी है। वह कथित तौर पर 2018 में पाकिस्तान गया था, जहां उसने पिछले साल जम्मू-कश्मीर लौटने से पहले आतंकी प्रशिक्षण लिया था। पुलिस का मानना है कि वह पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए स्थानीय गाइड के तौर पर काम कर रहा था। पुलवामा निवासी आसिफ शेख पर भी इस हमले में शामिल होने का संदेह है। पुलिस ने ठोकर और दो अन्य आतंकवादियों के स्केच पहले ही जारी किए थे।*

### पर्यटकों का धर्म पूछकर की थी हत्या

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं। इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पहले पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी। हालांकि बाद में टीआरएफ ने सफाई दी थी कि हमले से हमारा कोई वास्ता नहीं हैं। इस हमले को अंजाम नहीं दिलाया। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे।

**जम्मू-जोधपुर से भुज-राजकोट तक अलर्ट**

# बॉर्डर इलाकों में एयर इंडिया इंडिगो की कई उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी के दौर के बाद सीजफायर हो गया। मौजूदा वक्त में बॉर्डर शांति की स्थिति है लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। संभावित खतरों को देखते हुए भारत अब भी अलर्ट मोड पर है और बॉर्डर इलाकों से होकर गुजरने वाले प्लेन्स के लिए कंपनियों ने नई एडवाइजरी जारी की है। एयर इंडिया ने मंगलवार, 13 मई को आठ प्रमुख शहरों से आने-जाने वाली उड़ानों को रद्द करने का ऐलान करते हुए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है।

### इंडिगो ने भी जारी किया बयान

इंडिगो एयरलाइंस ने भी सुरक्षा कारणों का हवाला देकर मंगलवार, 13 मई को जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर, राजकोट के लिए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रद्द कर दिया है।

**पंजाब में ब्लैकआउट, स्कूल-कॉलेज बंद :** पाकिस्तान सीमा से सटे इलाकों में बढ़ी ड्रोन और मिसाइल गतिविधियों के बाद राज्य के पांच सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया है। एहतियात के तौर पर मंगलवार को अमृतसर, पठानकोट, फाजिल्का, फिरोजपुर और तरनतारन जिलों में स्कूल बंद रखे गए। वहीं, अमृतसर और होशियारपुर के दसुआ व मुकेरियां में सोमवार रात 'ब्लैकआउट' किया गया ताकि किसी भी संभावित हमले की स्थिति में नुकसान को कम किया जा सके।

### सांबा सेक्टर में दिखा था ड्रोन

*इस बीच, भारत-पाकिस्तान सीमा पर सैन्य गतिविधि में बढ़ोतरी की भी खबरें आईं। इंडियन एयर डिफेंस सिस्टन ने सांबा सेक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन को रोका, जिससे रात के आसमान में लाल धारियां और विस्फोट दिखाई दिए। सेना के सूत्रों ने पुष्टि की है कि कुछ ड्रोन सेक्टर में घुस आए हें और सक्रिय रूप से उनसे निपट रहे हैं। सेना ने कहा कि चिंता करने वाली कोई बात नहीं है।*

**अल-कायदा से जुड़े जिहादी संगठन ने सैन्य अड्डे और जिबो शहर को बनाया निशाना**

# बुर्किना फासो में जिहादी हमला 100 से अधिक लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी बुर्किना फासो में एक जिहादी संगठन ने सैन्य अड्डों और जिबो शहर सहित कई स्थानों पर हमला किया। हमले में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर सैनिक थे। एक सहायता कर्मी और स्थानीय लोगों ने हमले की जानकारी दी। बुर्किना फासो के सबसे प्रभावित इलाकों में काम करने वाले एक सहायता कर्मी ने बताया कि रविवार तड़के सैन्य अड्डे और जिबो शहर सहित कई स्थानों पर हमला हुआ। एक छात्रा ने बताया कि इस हमले में उसके पिता की भी मौत हो गई। सुरक्षा के डर से नाम न बताने की शर्त पर बात की।

### जिहादी संगठन जेएनआईएम ने ली हमले की जिम्मेदारी

इस हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े जिहादी संगठन जमात नस्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने ली, जिसे जेएनआईएम के नाम से भी जाना जाता है। ये संगठन साहेल इलाके में सक्रिय है।

### यहां की कमान सैन्य जुंटा के हाथ में

बुर्किना फासो अब सैन्य जुंटा द्वारा संचालित है। देश की आबादी 23 मिलियन है। यह देश अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में आता है, जो आतंकवाद और हिंसा से सबसे बुरी तरह से प्रभावित है। 2022 में दो बार तख्तापलट की वजह भी हिंसा ही थी, जिसके परिणामस्वरूप बुर्किना फासो का लगभग आधा हिस्सा सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। सुरक्षा बलों पर भी कानून से बाहर हत्याओं के आरोप लगे हैं।

## 18 मीटर ऊंची विशाल मूर्ति...



**बैंकॉक।** बैंकाक, थाईलैंड के सनम लुआंग में मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध कलाकार ब्रायन डोनेली की प्रतिष्ठित उत्कृष्ट कृति 'कम्पेनियन' के पास पर्यटक।डोनली को व्यापक रूप से KAWS के नाम से जाना जाता है। 'कम्पेनियन' 18 मीटर ऊंची विशाल मूर्ति है, जो पहली बार थाईलैंड में प्रदर्शित हो रही है।

### हसीना को बड़ा झटका आवामी लीग पर बैन



**ढाका/नई दिल्ली।** बाग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आधिकारिक तौर से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया। दो दिन पहले मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने कानून के पिछले संस्करण के तहत इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम ने बताया कि आज एक गजट अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें अवामी लीग और इसके संबद्ध संगठनों को बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा इसके नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा पूरा होने तक आतंकवाद विरोधी अधिनियम 2025 के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**ऑपरेशन सिंदूर का असर**

# इसरो बनवाएगा अब एक साल में 52 जासूसी सैटेलाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत ने एक साहसिक कदम उठाया है। महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष आधारित निगरानी (एसबीएस-3) कार्यक्रम के तहत 52 जासूसी उपग्रहों की तैनाती की समयसीमा को चार साल से घटाकर मात्र एक साल कर दिया गया है। अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी द्वारा स्वीकृत इस 22500 करोड़ रुपये की परियोजना का उद्देश्य भारत की सीमाओं, विशेष रूप से पाकिस्तान की गतिविधियों की निगरानी को बढ़ाना और बाढ़ व भूकंप जैसी प्राकृतिक



आपदाओं के दौरान महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करना है। एसबीएस-3 कार्यक्रम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और निजी उद्योगों के बीच सहयोग का एक शानदार उदाहरण है। इसरो 21 उपग्रहों का विकास करेगा. शेष 31 उपग्रहों के निर्माण का जिम्मा तीन निजी कंपनियों को सौंपा गया है।

**आज जस्टिस गवई शपथ लेंगे भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में**

# भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर पहुंचने वाले वे दलित वर्ग से दूसरे सीजेआई होंगे

**गवई ने कहा था-** यह पूरी तरह से डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि मेरे जैसे व्यक्ति, जो एक अर्ध-झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके में नगरपालिका स्कूल में पढ़ता था, इस पद तक पहुंच सका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बीआर गवई) 14 मई को जब भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे, तो वे गणतंत्र के इतिहास में भारतीय न्यायपालिका के टॉप पर पहुंचने वाले दूसरे दलित चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस गवई ने अक्सर भारत के संविधान की महानता की चर्चा की है। जिसने उनके भाग्य को निर्धारित किया। पिछले साल बीआर गवई ने अपने भाषण में कहा था कि यह पूरी तरह से डॉ.



बीआर आंबेडकर के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि मेरे जैसे व्यक्ति, जो एक अर्ध-झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके में नगरपालिका स्कूल में पढ़ता था, इस पद तक पहुंच सका। उन्होंने अपने भाषण का समापन 'जय भीम' के नारे के साथ किया था। जस्टिस गवई का परिवार भी कांग्रेस पार्टी से जुड़ा रहा है।

### पिता ने आरपीआई (गवई) की स्थापना की थी

जस्टिस गवई, रामकृष्ण सूर्यभान गवई (1929-2015) के पुत्र हैं, जो बाबासाहेब आंबेडकर के करीबी सहयोगी और नागपुर में दीक्षाभूमि स्मारक समिति के अध्यक्ष थे। अपने अनुयायियों और प्रशंसकों के बीच दादासाहेब कहे जाने वाले वरिष्ठ गवई 1964 से 1998 तक महाराष्ट्र की राजनीति में सक्रिय रहे और उन्होंने आंबेडकरवादी संगठन, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) की स्थापना की।

**सीजेआई जस्टिस खन्ना रिटायर, बताया अपना प्लान**

# अब नहीं लूंगा कोई पद, कानून के क्षेत्र में काम करूंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना मंगलवार को रिटायर हो गए। इस मौके पर उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि रिटायर होने के बाद वह कोई भी आधिकारिक पद नहीं लेंगे। वे सुप्रीम कोर्ट में मीडियाकर्मियों से मिल रहे थे, तब उन्होंने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई किसी आयोग का अध्यक्ष पद या कोई अन्य संवैधानिक पद तो स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में वह काम करते रहेंगे। इस क्षेत्र में उनकी अगली भूमिका क्या होगी कुछ स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने संकेत दिया कि वे न तो घर बैठेंगे और न ही सरकारी पद पर बैठेंगे बल्कि अपनी लंबी कानूनी यात्रा में कानून के क्षेत्र में ही नई भूमिका तय करेंगे।

### जस्टिस वर्मा मामले पर कहा- न्यायिक सोच निर्णयात्मक होनी चाहिए



बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले करोड़ों के कैश और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों से कैसे निपटा गया, इस पर उन्होंने कहा कि न्यायिक सोच निर्णायक और निर्णयात्मक होनी चाहिए। हम तर्कसंगत तरीके से मुद्दे पर निर्णय लेते हैं।

**ये उनके बड़े फैसले जो रखे जाएंगे याद :** पूर्व सीजेआई खन्ना का कार्यकाल महज 6 माह का ही रहा लेकिन बहुत प्रभावशाली रहा। पूर्व सीजेआई खन्ना ने जो निर्णय लिए वो भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में सदा के लिए दर्ज हो चुके हैं।

मौसम
अधि. 41.8
न्यून. 30.9

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# गांवों में बसों के लिए एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और नक्सल पीड़ितों को पहले मिलेगा परमिट, दिव्यांग कर सकेंगे मुफ्त में सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 को लेकर सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस सेवा के संचालन के लिए नियम तैयार कर लिए हैं। खास बात ये है कि इन बसों के संचालन के लिए अनुज्ञा पत्र (परमिट) देने के मामले में एससी, एसटी, ओबीसी, महिला तथा नक्सल प्रभावितों के आवेदन को प्राथमिकता दी जाएगी। यही नहीं, दिव्यांग, 80 साल से ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इसलिए जरूरी है ये बस सेवा

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण बस सेवा की जरूरत क्यों? दरअसल राज्य में हवाई एवं रेल सेवा का विस्तार किया जा रहा है, इसकी वजह से ग्रामीण लोगों को रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों तक आवागमन की सुविधा मिलेगी। गांवों में रहने वाले किसान, काश्तकार, ▶▶|शेष पेज 5 पर

- योजना का फैसला लिया था साय कैबिनेट ने
- अब सरकार ने संचालन के लिए बनाए नियम



### 18 से 42 सीटर होंगी बसें

इस योजना के तहत चलने वाली बसों में सवारी की क्षमता 18 से 42 सीट तक होगी। बसों के संचालन के लिए राज्य स्तरीय समिति में परिवहन आयुक्त अध्यक्ष होंगे। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। बस चलाने के लिए मार्ग के चिन्हांकन के लिए राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय, एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की भूमिका तय की गई है। योजना के तहक राज्य के सभी गैर परिवहन सेवारत या कम परिवहन सेवा वाली ग्राम पंचायतों और गांवों में ग्रामीण बस संचालन किया जाएगा।

### किसे मिलेगा बस चलाने का परमिट

सरकार ने इन बसों के संचालन के लिए जो नियम बनाए हैं, उसमें साफ किया गया है कि बसों के संचालन के लिए अनुज्ञापत्र, यानी परमिट देने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सभी स्थानीय निवासी योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। लेकिन एससी, एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं ओर नक्सल प्रभावितों के आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### मिलेगी वित्तीय सहायता और रियायत भी

इस योजना के तहत बस संचालन करने वालों को वित्तीय सहायता देने का प्रावधान भी है। 18 से 42 सीटर बसों का संचालन करने पर पहले साल 26 रूपए प्रति किलोमीटर, दूसरे साल 24 रुपए और तीसरे साल 22 रुपए प्रति किलोमीटर वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही आम नागरिकों के लिए रियायत का प्रावधान रखा गया है। दृष्टिहीन व्यक्ति, बौद्धिक द्विव्यांग जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ हों, वरिष्ठ नागरिक 80 साल से अधिक आयु वाले, एड्स पीड़ित के लिए इन बसों में यात्रा मुफ्त होगी। नक्सल प्रभावित व्यक्ति को किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट श्रीनगर से हज उड़ानें दोबारा शुरू करेगी



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा कि वह 14 मई को श्रीनगर से हज उड़ानें दोबारा शुरू करेगी। श्रीनगर उन 32 हवाई अड्डों में से एक था, जिन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को देखते हुए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

### हर साल 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अब हर साल 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। यह बदलाव 23 मार्च 2025 की राजपत्र अधिसूचना के जरिए किया गया है। अब तक आयुर्वेद दिवस धनतेरस के दिन मनाया जाता था, जो हिंदू पंचांग के अनुसार आता है और हर साल अलग तारीख को पड़ता है।

- पिछले दो दिनों में निकोबार द्वीपसमूह में मध्यम से भारी वर्षा
- अंडमान सागर के ऊपर पछुआ हवाओं के प्रभाव में वृद्धि

*बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कुछ क्षेत्रों में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहुंच गया। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 13 मई को बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग, अंडमान सागर के दक्षिणी भाग, निकोबार द्वीप समूह और उत्तरी अंडमान सागर के कुछ भागों में आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान समुद्र में मानसून का आगे बढ़ना जारी रह सकता है। छग में 10 जून तक मानसून प्रवेश की संभावना है।*

# बंगाल की खाड़ी और अंडमान पहुंचा मानसून, 4 दिन पहले केरल, 10 को छग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून मंगलवार को बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग, अंडमान सागर के दक्षिणी भाग, निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर के उत्तरी भाग के कुछ क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि पिछले दो दिनों में निकोबार द्वीपसमूह में मध्यम से भारी वर्षा हुई। इस अवधि में बंगाल की खाड़ी के दक्षिण, निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर के ऊपर पश्चिमी हवाओं के प्रभाव में वृद्धि हुई है। आईएमडी ने बताया कि 'आउटगोइंग लांगवेव रेडिएशन' (ओएलआर) भी इस क्षेत्र में कम हुआ है जो बादल छाए रहने का सूचक है। ओएलआर से तात्पर्य पृथ्वी की सतह, वातावरण और बादलों द्वारा उत्सर्जित इंफ्रारेड विकिरण से होता है जो बाद में अंतरिक्ष में जाकर खो जाता है। मौसम विभाग ने कहा कि ये स्थितियां इस क्षेत्र में मॉनसून के आगमन के लिए अनुकूल मानकों को पूरा करती हैं। मौसम ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने कहा कि इन सभी कारकों से केरल में मानसून के समय से पहले आने की उम्मीद है। भारतीय मौसम मॉडल और कई अन्य वैश्विक मौसम मॉडल दोनों ही एकमत हैं और 1 जून से पहले केरल में बारिश की गतिविधि बढ़ोतरी की उम्मीद है, जो मानसून की सामान्य शुरुआत की तारीख है।

### छग में 10 जून के आसपास



छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून दस जून के आसपास पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र विशेषज्ञ डा. गायत्री वाणी कांचिभोटला ने बताया कि मानसून के भारत की सीमा में पहुंचने की संभावित तारीख ▶▶|शेष पेज 5 पर

## आकाशीय बिजली से दो किशोर झुलसे अस्पताल दाखिल



**कोरबा।** पिछले कई दिनों से लगातार मौसम में बदलाव और तेज आंधी बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमक होते रही है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ और आंधी बारिश शुरू होने पर घर के आंगन में खेल रहे दो किशोर अपने घर के समीप स्थित कदम पेड़ के नीचे रुके हुए थे इसी दौरान तेज आकाशीय बिजली चमकी और सीधे कदम पेड़ के उपर आ गिरी जिसकी जद में आने से दोनों किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना ▶▶|शेष पेज 5 पर

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरूडीह में देर शाम हुई थी घटना

## डीजीपी सहित खनिज विभाग के सचिव को नोटिस हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में रेत माफिया द्वारा एक कांस्टेबल शिवबचन सिंह की ट्रैक्टर से कुलचकर हत्या किए जाने के मामले को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की है। हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि अवैध खनन रोकने निर्देश के बाद यह हालत है, जो बहुत ही गंभीर बात है। स्टेट अफेयर्स की ऐसी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चार महीने से चल रही रेत की तस्करी

बताया जा रहा है कि लिबरा गांव में करीब चार महिने से रेत की तस्करी हो रही थी। झारखंड के तस्कर लगातार बड़ी संख्या में गाड़ियां लगाकर रेत की तस्करी कर रहे थे। शनिवार की शाम ग्रामीण रेत तस्करी का विरोध करने लगे, तो सनावल पुलिस ने रेत तस्करी करते हुए तीन ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पुलिस की बनी टीम, थाना प्रभारी सस्पेंड

बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर के अनुसार तस्करों को पकड़ने के लिए पांच टीमें लगाई गई है जो लगातार कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। इसमें पुलिस की भूमिका की भी जांच की जा रही है। तीन गाड़ियों को पकड़ने के बाद छोड़ने को लेकर भी जांच होगी कि किन परिस्थितियों में गाड़ियों को छोड़ी गई थी। इस मामले में सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा ने सनावल के थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया है। सरगुजा आईजी ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है कि घटना किन परिस्थितियां में हुई।

सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी

## शोपियां में मार गिराए लश्कर के तीन आतंकी



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर शाहिद कुट्टे सहित तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के शुकरू केलर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली एक विशेष सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने वहां घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू किया।

### दो आतंकियों की पहचान

शोपियां जिले के रहने वाला शाहिद कुट्टे, पुत्र मोहम्मद यूसुफ कुट्टे, 8 मार्च 2023 को लश्कर-ए-तैयबा (श्रेणी-ए) में शामिल हुआ था। लश्कर-ए-तैयबा के श्रेणी-सी के आतंकी अदनान शफी डार, निवासी वांडूना मेलहोरा, शोपियां, ने 18 अक्टूबर 2024 को वाची इलाके में एक गैर-स्थानीय मजदूर की हत्या की थी। सुरक्षाबलों द्वारा इस मुठभेड़ में वह मारा गया। तीसरे आतंकी की पहचान जारी है और इलाके में तलाशी अभियान अब भी चल रहा है।

सड़क हादसे के पीड़ितों को मिले उपचार

## कैशलेस योजना को सही अर्थों में लागू करें : कोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस (नकदी रहित) उपचार योजना को सही अर्थों में लागू करे। इस योजना के तहत प्रत्येक दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज पाने का हकदार होगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ▶▶|शेष पेज 5 पर

### योजना में देरी पर की थी खिंचाई

शीर्ष अदालत ने मोटर दुर्घटना पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना तैयार करने में देरी को लेकर 28 अप्रैल को केंद्र की खिंचाई की थी और कहा था कि उसके आठ जनवरी के आदेश के बावजूद, केंद्र ने न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए को एक अप्रैल, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए लागू किया गया था।

## विदेश सचिव के समर्थन में उतरे नौकरशाह, राजनेता और पत्रकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान के बीच गत 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा करने वाले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री को सोशल मीडिया पर तीखी ट्रोलिंग और व्यक्तिगत हमलों का शिकार होना पड़ा। ट्रोलिंग इतनी गंभीर थी कि विदेश सचिव को अपना एक्स एकाउंट लॉक करना पडा। इसके बाद भी ट्रोलर्स के बडे गैंग ने विदेश सचिव का पीछा नहीं छोडा। उनके परिजनों को निशाना बनाना जारी रखा। मामला हद से बाहर निकलता देख उनके समर्थन में नौकरशाहों, ▶▶|शेष पेज 5 पर

- ट्रोलर्स पर कानूनी कार्रवाई की मांग

*पंजाब में बड़ी घटना*
*ऑनलाइन खरीदा था मेथेनॉल*

## नकली शराब ने ले ली 21 की जान

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़/अमृतसर

पंजाब के अमृतसर जिले में कथित तौर पर नकली शराब के सेवन से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि नकली शराब के सेवन से भंगली, पातालपुरी, मरारी कलां और थेरेवाल के गांवों में लोगों के मारे जाने की सूचना है। नकली शराब बनाने के लिए इस्तेमाल 'मेथेनॉल' थोक में ऑनलाइन खरीदा गया था।



### छह माह के भीतर दूसरा मामला

राज्य में एक साल से भी कम समय में नकली शराब के सेवन से हुई मौत का यह दूसरा मामला है। मार्च 2024 में संगरूर जिले में नकली शराब के सेवन से 20 लोगों की जान चली गई थी। 2020 में तरनतारन, अमृतसर और बटाला में नकली शराब के सेवन के कारण कुल 120 लोगों की मौत हुई थी।

**मेडिकल टीम कर रही जांच**

इस बीच, अमृतसर जिला प्रशासन ने कई मेडिकल टीम तैनात की हैं जो प्रभावित गांवों में घर-घर जाकर उन लोगों की जांच कर रही हैं जिन्होंने संभवतः नकली शराब पी थी। अमृतसर की उपायुक्त (डीसी) साक्षी साहनी ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग दिहाड़ी मजदूर थे।



## चिंतन

# सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' से सेना का मनोबल उच्च पर

पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद व पाक स्थित आतंकी ठिकानों के खात्मे के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रचंड सैन्य अभियान को अचानक संघर्ष विराम पर बनी सहमति के चलते रोकने के बाद सेना के मनोबल को ऊंचा बनाए रखना जरूरी था। सरकार ने यही किया। सेना के अफसर से लेकर विदेश व रक्षा मंत्रालय तक ने भारत व पाक के बीच अचानक संघर्ष विराम के ऐलान को लेकर सभी बिंदुओं पर विस्तार से देश को बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र के नाम अपने संदेश में भारत के रुख को स्पष्ट किया। पीएम के राष्ट्र संदेश में पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि आतंकवाद के खिलाफ भारत कठोर एक्शन लेता रहेगा, पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ किसी भी आतंकी साजिश या घटना को अपने खिलाफ युद्ध मानेगा, परमाणु बम हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी। भारत आतंकवाद के खात्मे तक सिंधु जल संधि को स्थगित रखेगा। पाकिस्तान जब तक अपने यहां से आतंकवाद का खात्मा नहीं करेगा, भारत कोई बात नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ भारत कश्मीर पर नहीं, केवल पीओके पर बात करेगा। पीओके भारत का है और इसे पाक के अवैध कब्जे से मुक्त कराकर रहेगा, और सबसे अहम कि भारत कश्मीर पर किसी भी तीसरे पक्ष का दखल बर्दाश्त नहीं करेगा। अमेरिका को यह स्पष्ट संदेश है। पंजाब के आदमपुर सैन्य बेस पर पहुंच कर पीएम ने पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश किया। पाक फौज ने इस बेस को नष्ट करने का झूठ बोला था। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर डीजीएमओ स्तर पर बातचीत चल रही थी। इसी के साथ एनएसए स्तर पर भी बैकडोर वार्ता जारी थी, सैन्य ऑपरेशन के युद्ध में तब्दील होने की आशंका में अमेरिका भी अपने स्तर पर भारत व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों व पाक सेना प्रमुख से बातचीत कर रहा था। इन कोशिशों के बाद ही भारत व पाकिस्तान के बीच लार्जर हित को देखते हुए संघर्ष विराम के लिए सहमति बनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अधीरता, क्रेडिट लेने की ललक व बड़बोलेपन की प्रवृत्ति के चलते तय समय से पहले भारत व पाक के बीच सीजफायर के अमेरिकी ऐलान ने भारत को असहज कर दिया। ट्रंप ने लगे हाथ कश्मीर को लेकर मध्यस्थता की पेशकश भी कर दी, जबकि मौजूदा वक्त में कश्मीर कोई मुद्दा ही नहीं था। भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के मकसद से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों व घोषित आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के साथ ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि उसकी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। पाकिस्तान ने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई को अपने खिलाफ मान लिया और सीमा पार से नागरिकों और भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने लगा। भारत ने जवाबी कार्रवाई में ाक के हर ड्रोन व मिसाइल हमलों को नाकाम किया। अस्थिर व अपरिपक्व राजनेता डोनाल्ड ट्रंप की गैर-जिम्मेदार हरकत से भारत की विदेश नीति व कूटनीति पर जरूर सवाल उठ रहे हैं, इससे तात्कालिक तौर पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को चोट अवश्य पहुंची है। इस हरकत से ट्रंप ने ही अपना वैश्विक भरोसा खोया है। भारत आतंकवाद के खिलाफ चट्टान की तरह कठोर है और आतंक के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, पाकिस्तान को किसी भी गफलत में नहीं रहना चाहिए।



पराक्रम
अवधेश कुमार

# विजयी क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं

प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाक सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए।

भारत-पाकिस्तान के बीच सैनिक संघर्ष रुकने पर हम देश की प्रतिक्रिया देखें तो बड़ा वर्ग, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी सरकार और भाजपा के समर्थक कार्यकर्ता शामिल हैं, नाखुश दिखाई देते हैं। इन्हें लगता है कि भारत के पास पाकिस्तान को धूल चटाकर, ऐसा पंगु बना देने का अवसर था जिससे वह लंबे समय तक भारत को घाव देने की सोचे भी नहीं। दूसरी ओर, ऐसे लोग भी हैं जिन्हें लगता है कि भारत इस समय लंबे युद्ध कर पाकिस्तान को पराजित करने की लड़ाई नहीं लड़ रहा था। इसलिए तत्काल लंबा खींचना उचित नहीं होता। प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में स्थित नौ सभी महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। इस तरह भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट आया कि लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीजफायर यानी युद्धविराम स्वीकार किया तो टीवी चैनलों पर बैठे पूर्व सैनिकों और विशेषज्ञों को भी हैरत हुई।

उसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो का ट्वीट आ गया जिससे जानकारी मिली कि उपराष्ट्रपति जेडी बैंस लगातार दोनों देशों से बातचीत कर रहे थे। लेकिन भारत ने 5 बजे विदेश सचिव विक्रम मिश्री के माध्यम से इसकी घोषणा करवाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके लिए स्टॉपेज आफ फायरिंग एंड मिलिट्री एक्शन यानी गोलाबारी तथा सैन्य कार्रवाई के रुकने पर सहमति की बात की। भारत ने सीजफायर या युद्धविराम शब्द प्रयोग नहीं किया। यह शब्द पहले अमेरिका की ओर से आया और पाकिस्तान ने उपयोग किया। पाकिस्तान के साथ हमारा युद्धविराम समझौता पहले से है जिसे वह तोड़ रहा था। चाहे आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करना हो या पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई से उत्तर देश और विश्व को दी जाने वाली जानकारी में नए रूप में भारत सामने आया है। आतंकवादी अड्डे ध्वस्त किए जाने के बाद सेना की दो महिला जवान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारत की प्रवक्ता के रूप में सामने आईं और साथ विक्रम मिश्री आते रहे। संघर्ष रुकने के बारे में भी उनके माध्यम से ही देश ने अपना पक्ष सुना। हालांकि भारत जैसे परिपक्व और भविष्य की महाशक्ति की योजना से आगे बढ़ने वाला देश कोई हल्का वक्तव्य नहीं दे सकता। कर्नल सोफिया कुरैशी ने जो कहा उससे भारत का रक्षा स्टैंड काफी हद तक स्पष्ट होता है। उनकी कुछ पंक्तियां देखिए- फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं।

भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। 11 मई को सेना के तीनों अंगों के डीजीएमओ ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट कर दिया कि अभी हम युद्ध की स्थिति में हैं और पूरी जानकारी देना उचित नहीं होगा। इसका अर्थ हुआ कि सेना अभी जहां जैसे थी वैसे ही रहेगी। पाकिस्तान ने



आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करने को अपने पर हमला मानकर कार्रवाई की थी और भारत को उसका उत्तर देना पड़ा। भारत दीर्घकालीन युद्ध की सोच से पाकिस्तान की सीमा में आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने नहीं गया था। देश में वातावरण इस कारण बना क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जैसा पराक्रम दिखाया है उसको तार्किक परिणति या निर्णायक अवस्था में ले जाने की सामूहिक अपेक्षा पैदा हो गई। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के पहले किसी ने नहीं कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लिए हमला करिए या पाकिस्तान पर हमला करिए। जो विपक्षी दल आतंकवादी हमले पर सीमा पार करने से बचते रहे क्योंकि पाकिस्तान की प्रतिक्रियाओं से डरते थे वह भी सामूहिक रूप से सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। प्रश्न है कि क्या सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार से पाक अधिकृत कश्मीर लेने या पाकिस्तान से अंतिम सीमा तक युद्ध करने की मांग की थी? क्या सरकार ने ऐसी कोई बात कही थी?

यह दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध इतनी बड़ी विजय और सफलता को भुलाकर जो है नहीं उसकी झूठी नैरेटिव बना दी गई है। ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यदि लिखें कि हमारी मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं तो भारत में चिंता स्वाभाविक होगी। डोनाल्ड ट्रंप टकराव रोकने के लिए भारत या पाकिस्तान से बात करते हैं तो यह नहीं कहा जा सकता कि हम आपसे बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर यह स्टैंड रहेगा ही। उनको हम कुछ पोस्ट करने से नहीं रोक सकते। ज्यादा मायने इस बात के हैं कि भारत का स्टैंड क्या है? भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ सामान्य डीजीएमओ की नियमित होने वाली सामान्य वार्ता ही होगी। दूसरे ,भारत ने किसी की मध्यस्थता स्वीकारने की बात की ही नहीं। ट्रंप या अमेरिका की कश्मीर पर मध्यस्थता करने की इच्छा हो सकती है कि लेकिन भारत की यह नीति नहीं है। तीसरे, जब भारत ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी आतंकवादी घटना एक्ट आफ वार यानी युद्ध का कदम माना जाएगा तो उसमें राजनीतिक नेतृत्व से बातचीत की गुंजाइश बचती नहीं है। इसका अर्थ हुआ कि अगर आतंकवादी हमला हुआ तो अभी हम केवल आतंकवादी केन्द्रों को निशाना बनाने के लिए मिसाइल के साथ घुसे, उसके बाद हमला मानकर पाकिस्तान से सीधे टकराएंगे। इससे स्पष्ट मुखर और आक्रामक नीति तथा वक्तव्य कुछ हो ही नहीं सकता। इस बार सैन्य कार्रवाई से संबंधित सभी निर्णयों में राजनीतिक नेतृत्व के साथ सेना के तीनों प्रमुख और सीडीएस सम्मिलित रहे। संघर्ष रोकने की घोषणा के पहले भी प्रधानमंत्री ने उनके साथ बैठकें की और सैन्य बलों ने क्या किया, क्यों किया, कैसे किया, इन सबके बारे में वक्तव्य भी सेना के द्वारा दिया गया।

यही बदले भारत को दिखाता है और देश को इस पर विश्वास करना चाहिए। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, जिसकी पाकिस्तान क्या अमेरिका भी कल्पना नहीं कर सकता था वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए। जिन आतंकी स्थलों को निशाना बनाया गया, उनमें से पांच पाक अधिकृत कश्मीर में 9 से 30 किलोमीटर के बीच और चार पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार 6 से 100 किलोमीटर के भीतर थे। मुंबई से लेकर अनेक हमलों के केन्द्र लश्कर ए तैयबा के मुरीदके को नष्ट करने की सोच भी सीमा पर नहीं थी। तो विजय उत्सव के क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
अश्विनी वैष्णव




# ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद से निपटने का नया सिद्धांत

पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था- यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की न बर्दाश्त करने और कोई समझौता नहीं करने की नीति यानी मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार शुरू करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाए और संचालित हो। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक तरीके से, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना भी सुनिश्चित हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद-रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया है कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की सांठ-गांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। इस सिद्धांत के पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है- भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें।इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं है। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों को बल्कि उनके समर्थकों- दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंकवादियों को शरण देने वालों, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने वालों या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। आतंकवाद का समर्थन करने और उनको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे। उन्होंने उनसे आग्रह किया है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दें। नया सिद्धांत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस एवं दृढ़ रुख की नज़ीर पेश करता है। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता न हो। आतंकवाद को लेकर अब रुख पहले जैसा नहीं होगा, यह पहली बार नहीं है जब भारत ने स्पष्ट रूप से साहस के साथ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की शर्तों पर आतंकवाद के विरुद्ध त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट सिद्धांत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं है - यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।

(लेखक केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और प्रौद्योगिकी तंत्रज्ञान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारतीय मानवता का सम्मान करें पाक नागरिक

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंततः पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल-कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट/चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। ये बहुत दुखद लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और आईएसआई द्वारा उन्हें हमेशा ही अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में पाक नागरिकों को भारतीय मूल्यों व मानवता का सम्मान करना चाहिए। - *राजेश अग्रवाल, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### यूक्रेन के वायु क्षेत्र में विमान गिराने के लिए रूस जिम्मेदार

अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के परिषद ने यूक्रेन के वायु क्षेत्र में मलेशिया एयरलाइंस की एक उड़ान को 2014 में मार गिराने के लिए मंगलवार को रूस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना में, विमान में सवार 298 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परिषद के इस निष्कर्ष पर पहुंचने से, पीड़ितों के परिजनों के लिए मुआवजा पाने की संभावना बढ़ गई है। नीदरलैंड नीत अंतरराष्ट्रीय जांच 2016 में पूरी हुई थी, जिसमें यह पाया गया था कि एमस्टर्डम से कुआलालंपुर की उड़ान को 17 जुलाई 2014 को यूक्रेन से अलगाववादियों द्वारा मिसाइल से किये गए हमले में मार गिराया गया था। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रूस ने की थी। हालांकि, मॉस्को ने उड़ान संख्या एमएच 17 घटना में अपनी किसी तरह की संलिप्तता होने से इनकार किया है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने 2022 में मॉन्ट्रियल स्थित वैश्विक विमानन एजेंसी के समक्ष रूस के खिलाफ मामला लाया था और इस फैसले का स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इस मामले को सुलझाया नहीं जा सकता था क्योंकि रूस, नीदरलैंड के हेग स्थित इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। परिषद ने पाया कि रूस ने शिकागो समझौते का उल्लंघन किया है।



## ऑफ बीट


### नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर

जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।



## ट्रेंड

### अदम्य साहस का परिचय



हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने बार-बार अदम्य साहस का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को हिलाकर रख दिया और उनकी बेमिसाल वीरता और बलिदान का एक शानदार उदाहरण बन गया।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### परीक्षा उत्तीर्ण की बधाई



सभी युवा मित्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई, जिन्होंने सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के फल का आनंद लेने लेने का क्षण है।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### नए सिद्धांत को आकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ भाषण नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी और दुनिया को देश की ताकत के बारे में स्पष्ट संदेश है।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### तकनीक को दोस्त बनाएं



मैं सभी युवा भारतीयों से कहना चाहूँगा कि वे तकनीक को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएँ। हम पहले से ही डिजिटल युग में हैं, और अधिक से अधिक एआई का उपयोग करने की ओर बढ़ रहे हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत...

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं। सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए।




# शादी, धोखा और इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं। 'चतुरम' फिल्म को इन दिनों ऑडियंस से तगड़ा रिस्पॉन्स मिल रहा है। एक घंटे बाद फिल्म की पूरी कहानी पलट जाती है। कहानी की बात करें तो, एल्डहोज नामक एक बिजनेसमैन अपनी पहली पत्नी के छोड़ जाने के बाद सेलिना नाम की लड़की से शादी करता है। शुरुआत में सबकुछ ठीक रहता है। लेकिन, बाद में वह उसे कई बिना वजह परेशान करने लगता है। इसी दौरान एल्डहोज एक दुर्घटना में घायल हो जाता है और फिर वह बिस्तर पर पड़ जाता है।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की। आमिर को भी राजकुमार हिरानी की यह कहानी बहुत पसंद आई है। सोर्स के मुताबिक, राजकुमार हिरानी और आमिर, दोनों ने फिल्म पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है। वो इस फिल्म को साल 2026 में फ्लोर पर ले जाने की सोच रहे हैं।



## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस'और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी'इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस'और 'खतरों के खिलाड़ी'के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया'ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

***नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*


## 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले



और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

## रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



## हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## द कश्मीर फाइल्स


कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



## बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।




## जैकेट के शेष

### सीबीएसई 12वीं... दो .....

मंगलवार को घोषित किए गए। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 93 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत 88.39 प्रतिशत रहा। दोनों परीक्षाओं में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बाजी मारी है।

### सावी बोली- हर दिन .....

प्राप्त किए हैं। सावी जैन ने कहा, मैं हर दिन चार से पांच घंटे पढ़ाई करती थी। स्कूल के बाद मैं ट्यूशन जाती थी और फिर कुछ समय आराम करती थी। मैं एक निश्चित दिनचर्या का पालन करती थी और पहले से योजना बनाती थी कि किस विषय पर ध्यान केंद्रित करना है। मेरा लक्ष्य प्रत्येक विषय को इतनी अच्छी तरह से समझना था कि मैं उसके कम से कम 99 प्रतिशत के बारे में आश्वस्त हो सकूं।

### छग में 12वीं के ....

उत्तीर्ण हुए है, जबकि 12713 लड़कियां सफल रहीं। छात्राओं की सफलता का प्रतिशत 84.67 फीसदी रहा। लड़कों में 79.92% ने परीक्षा पास कर कॉलेज की ओर कदम बढ़ाया है।

### सालभर के लिए छोड़ा ....

यह रही कि दोनों कक्षाओं में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों की तुलना में बेहतर रहा। हरिभूमि से बातचीत में टॉपर ने साझा किया सफलता का मंत्र टॉपर ने बताया कि अच्छे अंकों के लिए उन्होंने पूरे साल नियमित पढ़ाई की। सबसे अहम बात यह रही कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी, ताकि पढ़ाई में कोई व्याधान न हो। उनका मानना है कि निरंतरता और एकाग्रता से ही बेहतर परिणाम संभव है।

### पढ़ाई को नहीं ....

उन्होंने नर्सरी से लेकर 10वीं तक पढ़ाई को कभी बोझ या प्रेशर के रूप में नहीं लिया। उन्होंने कहा, मैं हर दिन नियमित रूप से पढ़ाई करता हूं और उसे कभी टालता नहीं। सालभर में मैंने पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई की। मेरी सफलता के पीछे मेरे पैरेंट्स और स्कूल टीचर्स का बड़ा योगदान है, जिन्होंने मुझे हमेशा फ्रेंडली एजुकेशन एनवायरमेंट दिया। शिवांश के पिता एनटीपीसी में इंजीनियर हैं और मां शिक्षिका हैं। अब वे इंजीनियरिंग क्षेत्र में करियर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आईआईटी की तैयारी कर रहे हैं।

### अनुशासित दिनचर्या बनी ....

उन्होंने लखनपुर स्थित अपने घर से दूर स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की। पिछले दो वर्षों से सोशल मीडिया और मोबाइल फोन से पूरी तरह दूरी बनाकर केवल पढ़ाई पर फोकस किया। प्रगति ने बताया कि उन्हें शिक्षकों से निरंतर मार्गदर्शन मिला, जिससे तैयारी में काफी मदद मिली। बताया कि कक्षा के दौरान वे शॉर्ट नोट्स बनाती थीं, जो परीक्षा के समय रिवीजन में काफी उपयोगी साबित हुए। पढ़ाई के साथ माइंड रिलैक्सेशन के लिए उन्होंने स्पोर्ट्स क्लास भी जॉइन किया। हॉस्टल में साथी छात्रों को पढ़ते देख उन्हें लगातार प्रेरणा मिलती रही।

### बिना कोचिंग के ....

पटेल की बेटी पूर्वी बताती हैं कि वह एक बड़ी वकील बनना चाहती हैं। उनका मानना है कि यदि किसी के पास कौशल है, तो केवल मार्क्स से फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी छात्र अच्छे अंक ला सकता है। पूर्वी का कहना है कि समर्पण और आत्मविश्वास के साथ की गई पढ़ाई से किसी भी मुकाम को पाया जा सकता है।

### पीएम मोदी बोले- हम ....

वायुसेनाप्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह भी शामिल थे। एयरबेस पर वायुसेना की पश्चिमी कमांड (त्रिशूल कमांड) के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने उन्हें मौजूदा सुरक्षा हालात, ग्राउंड पर वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में जानकारी दी और उसके बाद प्रधानमंत्री की इस यात्रा से जुड़ी हुई आगे की कवायद का आगाज हुआ। एयरबेस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्यकर्मियों से बातचीत कर मनोबल भी बढ़ाया।

### यूं सनसनाती है ....

है, 'भारत माता की जय' और दूसरा, जब हम रात में भी सूरज की रोशनी करते हैं तो दुश्मन को भारत माता की जय सुनाई देती है। तीसरा, जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई आवाज के साथ लक्ष्य तक पहुंचती हैं तो दुश्मन को भारत माता की जय की गूंज सुनाई सुनाई देती है।

### नक्सलियों ने शिक्षादूत, ....

घाट उतार दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। वहीं क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी भी ग्राम कंचाल पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले में नक्सलियों ने मीनागट्टा स्कूल में कार्यरत शिक्षादूत मुचाकी अशोक की हत्या कर दी। शिक्षादूत मुचाकी अशोक रविवार को अप्रवेशी बच्चों का सर्वे करने गांव में पहुंचे थे और घर घर सर्वे कर रहे थे, ताकि शिक्षा से दूर ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इस दौरान नक्सलियों ने रसोईया मड़कम्म हड़मा व दो अन्य ग्रामीण मुचाकी रामा व कट्टम कोसा की भी हत्या बीती रात कर दी। वहीं, इससे पूर्व नक्सलियों ने खूनी खेल खेलते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता व सोसायटी संचालक व तीन बार के उपसरपंच रहे नागा भण्डारी को मौत के घाट उतार दिया था। लगभग 7 माह पूर्व 24 अक्टूबर 2024 को मृतक नागा के बड़े भाई तिरुपति भंडारी को ग्राम उसूर के पास दिनदहाड़े नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया था।

### करेंगुट्टा ऑपरेशन थमते ....

इलाके में दहशत फैलाया जा रहा है। गौरतलब है कि बीजापुर जिले की करेंगुट्टा पहाड़ी में पिछले लगभग 20 दिन से सीआरपीएफ, एसटीएफ, डीआरजी, बीएसएफ, बस्तर फाइटर, जिला पुलिस व अन्य सुरक्षा बलों द्वारा आपरेशन चलाया जा रहा था। लेकिन हाल ही में पहलगाम की घटना के बाद भारत- पाकिस्तान के बीच उपजे हालात को देखते हुए ऑपरेशन को स्थगित कर दिया गया है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए बेकअप के लिए पैरामिलिट्री फोर्सेस की जरूरत पड़ सकती है। आपरेशन के थमते ही नक्सलियों की कायराना हरकत शुरू हो गई है।

### विधायक मण्डावी ने ....

नक्सलियों द्वारा कि गई हत्याओं की कड़ी निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सरकार व नक्सलियों से सवाल करते हुए कहा कि आखिर कब तक निर्दोष आदिवासियों की हत्या होती रहेगी।

### मकान छीनकर कांग्रेस ....

मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने गरीबों के मकान छीन लिए लेकिन पीएम के नेतृत्व में हमारी सरकार ने कहा था कि भाजपा की सरकार बनेगी तो मोर आवास मोर अधिकार के तहत जिनका सूची में नाम है उनको आवास देंगे, इसमें कोई कसार नहीं छोड़ेंगे। हम जो कहते हैं वो करते हैं।इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

### सीएस जैन अगले ....

सचिव रेणु पिल्ले, 1992 बैच के सुब्रत साहू 1994 बैच की ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ इस वक्त छत्तीसगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं 1993 बैच के अमित अग्रवाल, 1994 बैच की निधि छिब्बर, विकासशील प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश से बाहर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ की दावेदारी अधिक है।

### 30 नवंबर 2020 से ....

नवंबर 2020 से मुख्य सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अब उनका सेवाकाल समाप्त होने में लगभग डेढ़ महीने का समय बाकी है। इस बीच राज्य में नए मुख्य सचिव की नियुक्त को लेकर अटकलें और चर्चाएं तेज हो रही हैं।

### ये हैं प्रमुख दावेदार....

दिल्ली में हैं। वर्तमान में वे यूआईडीएआई के सीईओ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। जानकारों का मानना है कि स्वाभाविक दावेदार के रूप में इन तीन अधिकारियों के नाम फिलहाल चर्चा में हैं।

## मिस वर्ल्ड प्रतिभागी...



**हैदराबाद।** मिस वर्ल्ड 2025 की प्रतिभागी मंगलवार को हैदराबाद में चारमीनार के पास हेरिटेज वॉक के दौरान एक बाजार का दौरा करती हुईं।

# भारत के खिलाफ फिर षडयंत्र रच रहे यूनुस हमारे पूर्वोत्तर राज्यों को बताया स्वतंत्र देश जैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बार फिर पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर अपने जहरीले और खतरनाक मंसूबों को उजागर किया है। उन्होंने इस बार सुझाव दिया है कि भारत के पूर्वोत्तर के सात राज्य स्वतंत्र देश जैसे है, जिनके साथ क्षेत्रीय और एकीकृत आर्थिक विकास की रणनीति बनाई जा सकती है। सोमवार को यूनुस ने नेपाली संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ एक बैठक की थी। इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनकी तरफ से कहा गया है कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति बनाई जानी चाहिए। बता दें कि कुछ महीने पहले ही मोहम्मद यूनुस ने पूर्वोत्तर के इस क्षेत्र को 'भूमि से घिरा हुआ' कहा था और बांग्लादेश को इस क्षेत्र का अभिभावक कहा था। इस बार मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात राज्यों के लिए एक एकीकृत आर्थिक योजना का आह्वान किया है और कहा कि इन देशों और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग रहने की अपेक्षा एक साथ रहने पर अधिक लाभ होगा।

### बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर के सात राज्य

एक्स पर किए गए एक पोस्ट में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने नेपाल संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ यूनुस की बैठक के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, 'यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति का आह्वान किया है, जिसमें जलविद्युत, स्वास्थ्य सेवा और सड़क संपर्क में सीमा पार सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है।'

## गबन के आरोप में पांच वन अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा सतर्कता विभाग ने मंगलवार को कालाहांडी जिले में प्रतिपूरक वनरोपण के लिए आवंटित 80 लाख रुपये के सरकारी धन के गबन करने के आरोप में पांच वन अधिकारियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ओडिशा सतर्कता विभाग ने एक बयान में कहा, "कालाहांडी दक्षिण वन प्रभाग के जयपटना रेंज में प्रतिपूरक वनरोपण योजना के लिए आवांटित सरकारी धन के गबन की सूचना मिलने पर ओडिशा सतर्कता विभाग ने मामले की जांच शुरू की। इसके लिए चार दलों का गठन किया गया, जिनमें 25 अधिकारी शामिल थे।" जयपटना रेंज के विभिन्न वनरोपण स्थलों का निरीक्षण किया गया जिसमें भारी गड़बड़ी सामने आई।


## आतंकवाद के सवाल पर लाइव डिबेट छोड़कर भागीं हिना रब्बानी



**सोशल मीडिया पर घटना की क्लिप वायरल**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर थू-थू हो रही है। एक टीवी डिबेट में पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार तो आतंकवाद पर सवाल पूछते ही तिलमिला गईं। वाकया ब्रिटिश पत्रकार पियर्स मॉर्गन के शो अनसेंसर्ड पर हुआ। जब भारतीय पत्रकार बरखा दत्त और हिना आमने-सामने हुईं, तो माहौल गरम हो गया। डिबेट का विषय था भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव और पाकिस्तान में आतंकियों की मौजूदगी। लेकिन जब बरखा दत्त ने हिना खार से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को लेकर सीधा सवाल पूछा कि 'क्या ये आतंकी संगठन हैं?', तो हिना ने न जवाब दिया, न इनकार किया। उन्होंने बस यही कहा, 'आप पिछले 20 साल से यही नैरेटिव दोहरा रहे हैं, मैं इसका जवाब देने की जरूरत नहीं समझती।'



## पेज एक के शेष

### गांवों में बसों के...

अधिक आयु वाले, एड्स पीड़ितों को मुफ्त में यात्रा करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई कैबिनेट की बैठक में इस योजना के संचालन को मंजूरी दी गई थी।

### इसलिए जरूरी है...

मजदूर, छोटे व्यापारी और ग्रामीण अपनी दैनिक, व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए खरीदी और अपने उत्पाद बेचने के लिए रोजगार के लिए जनपद, नगरीय क्षेत्र, तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय के बाजारों में आसानी से पहुंच सकें। लोगों को दवा इलाज की जरुरत होते वे मुख्यालय तक आ सकें। इसके साथ ही राज्य के दूररजार के अनुसूचित एवं संवेदनशील क्षेत्रों के आम जनों तक शासकीय योजनाओं को को पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी।

### बंगाल की खाड़ी और...

विभाग ने कहा कि अगले तीन से चार दिनों में दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के अधिकतर भाग, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के अधिकतर क्षेत्रों, संपूर्ण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अंडमान सागर के शेष भागों और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। प्राथमिक वर्षा प्रणाली के एक जून की सामान्य तिथि से पहले 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, अगर मॉनसून उम्मीद के अनुरूप केरल पहुंचता है तो 2009 के बाद से भारतीय भूमि पर इसका समय से पूर्व आगमन होगा। 2009 में मॉनसून 23 मई को शुरू हुआ था। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून एक जून तक केरल में प्रवेश करता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है।

### छग में 10 जून...

27 मई है। केरल पहुंचने के बाद ही इस बात का सटीक अनुमान लगाया जा सकेगा कि मानसून की दस्तक छत्तीसगढ़ में कब होगी। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि समय से पहले केरल पहुंचने वाला मानसून समय से पहले छत्तीसगढ़ पहुंचेगा, यह भी उसके आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थिति पर निर्भर करेगा। प्रारंभिक तौर पर यहीं माना जा रहा है कि यहां मानसून का आगमन अपनी सामान्य तिथि 13 जून के आसपास होगा। पहले राज्य में जगदलपुर से मानसून आगमन की सामान्य तारीख 10 जून थी। मौसमी बदलाव का अध्ययन करने के बाद इसे 13 जून तय किया गया। रायपुर में मानसून की दस्तक 16 जून और अंबिकापुर पहुंचने की तारीख 21 जून तय की गई है।

### आकाशीय बिजली से दो...

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूडीह निवासी मनीष कुमार कश्यप 15 वर्ष पिता सुंदरलाल कश्यप, लोकेश कर्ष 11 वर्ष पिता सुकृत कुमार कर्ष सोमवार की शाम अपने घर के समीप आंगन में कंचे खेल रहे थे। इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी बारिश शुरू हो गई।

### डीजीपी सहित खनिज...

हालत है। हाईकोर्ट ने डीजीपी समेत खनिज सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान के रूप में गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को वेकेशनल कोर्ट में सुनवाई की।

हाईकोर्ट ने अवैध खनन रोकने के निर्देश के बाद भी इस हालत को गंभीर मानते हुए नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि स्टेट अफेयर्स की ऐसी हालत है। हाईकोर्ट ने इस मामले में डीजीपी समेत खनिज विभाग के सचिव और वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई अब अगले माह 9 जून को होगी।

### विदेश सचिव के...

राजनेताओं और पत्रकारों का एक बडा समूह सामने आया। आश्चर्य की बात ये है कि साइबर अपराधियों की तरह बर्ताव करने वाले इन ट्रोलर्स के खिलाफ किसी तरह की कोई धडपकड की सूचना नहीं है। किसी तरह की कोई शिकायत की सूचना नहीं है।

### कैशलेस योजना को...

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र को अगस्त 2025 के अंत तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हो।

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार में मान-सम्मान मिल सकता है।

**कर्क** चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह** घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। संचित धन में कमी आ सकती है।

**कन्या** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति के लिए प्रयास करें। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला** आय बढ़ोतरी के मार्ग प्रशस्त होंगे। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति होगी। अति उत्साही होने से बचें।

**धनु** नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मकर** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मीन** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**
**Caveat No. /2025**
**(W.P.(C)/W.P.(PIL) No. ............2025**

CAVEATOR/EXPECTED RESPONDENT: National Mineral Development Corporation Limited, Slurry Pipeline Unit, Bailadila Bhawan, Geedam Road, Jagdalpur, district Bastar, CG, through Authorized Signatory having registered office at Masab Tank, Castle Hills, Khanij Bhawan, Hyderabad, Telangana

**VERSUS**

EXPECTED PETITIONER: Any Member of General Public

**CAVEAT UNDER SECTION 148 "A" OF CIVIL PROCEDURE CODE READ WITH RULE 142 OF THE CG HIGH COURT RULES**

Following is respectfully submitted on behalf of the Caveator/ Expected Respondent -

That the Caveator Public Enterprise has initiated the process of laying Slurry Pipeline for transporting the iron ore fines after its conversion to iron ore concentrate in Slurry form, from Bailadila district Dantewada, CG to Nagarnar district Bastar, CG and the 15 MTPA Slurry Pipeline system (138.75 km) between Bailadila and Nagarnar will consist of 10 MTPA Ore processing plant at Bailadila and Nagarnar and other associated facilities. The proposed Slurry Pipeline will be laid in an area stretching to a total of 61 villages in two districts of Chhattisgarh i.e. Bastar & Dantewada for which Govt. of India has issued a Gazette notification dated 05.01.2018 under the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962 & notices have been served to affected land owners for obtaining land for Right of Use /Right of Way (RoU/RoW). That in compliance of the section 4 & 5 of the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962, the Central Government has issued Section 6(1) notification on 04- 12-2020 declaring the acquisition of right of use for the purposes of laying down the slurry pipe lines by the Caveator. A copy of notification dated 04-12-2020 is filed hereto as **ANNEXURE-C/1.**

In view of the above, let the Caveator kindly be heard before granting any interim relief in any such Writ Petition filed by the any member of General Public challenging the aforesaid laying down of slurry pipeline and the notification dated 04-12-2020 before this Hon'ble Court, in the interest of justice.

A copy/edition of the Newspaper "Haribhumi" dated 14.05.2025 (Raipur Edition) having circulation in Bastar and Dantewada district bearing the proof of the publication of this Caveat for public notice is annexed herewith as **Annexure C/2.**

BILASPUR, DATED: 14.05.2025

**(MAHENDRA DUBEY)**
**COUNSEL FOR CAVEATOR**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**Tel.No.07727-223138**
**E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com**

क्रमांक /377/ लो.नि.वि./न.पा.प./2025 — बलौदाबाजार, दिनांक 13.05.2025

**!! मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना !!**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को **विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना मद अंतर्गत** विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से त्री- लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/ पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा **प्रपत्र-"अ"** अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. **CGPWD Building SOR w.e.f. 01.01.2015 Road PWD SOR wef 01.01.2025** से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 21.05.2025 समय शाम 05:00 बजे तक।
02. परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 23.05.2025 समय शाम 04:00 बजे तक।
03. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 03.06.2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक।
04. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 03.06.2025 समय शाम 04:30 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | सामुदायिक भवन निर्माण (संजय कालोनी में) वार्ड क्रमांक 18 नगर बलौदाबाजार | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | टीन शेड निर्माण (पंचशील नगर सतनाम भवन के पास) नगर बलौदाबाजार | 4.79 | 4800.00 | 750.00 | 03 माह |
| 03 | शेड निर्माण (नया बस स्टैण्ड मंदिर के पास) नगर बलौदाबाजार | 9.48 | 7200.00 | 750.00 | 03 माह |

**टीप:** 01. जिस स्थल पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है, कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को सप्रमाण आवेदन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त नही होने पर निर्माण कार्य कराया जावेगा।
02.नियम शर्त एवं अन्य जानकारी कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**

## शब्द पहेली - 5866



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5865 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल- 5876

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5875 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

लोकगीत

अजय कुमार चतुर्वेदी

## सरगुजा अंचल में प्रचलित लोकगीत

सरगुजा अंचल में शैला, करमा, डमकच, उधुवा, सोदो, बान बहुली और लोकड़ी लोकगीत प्रमुख हैं। सरगुजा अंचल सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ और आसपास के प्रांतों में सामाजिक बुराइयों से लड़ने की प्रेरणा सरगुजिया लोकगीतों के माध्यम से पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी ने दी है। उन्होंने लोकगीतों के माध्यम से बताया है कि नशा, नाश की जड़ है, छुआछूत पाप है। हमारे समाज में अशिक्षा अभिशाप है। उन्होंने लोकगीत में सदा सत्य बोलने की प्रेरणा देते हुए कहा है -



माघ पूर्णिमा मेहेन सत नदी आए।
सत सत बोले बर सत नदी आए।
सत नदी आए हो सत नदी आए।

सरगुजा अंचल में एक मान्यता प्रचलित है कि भीषण गर्मी के बाद पानी नहीं बरसता है तो दो मेंढकों की विधि विधान से शादी कराने से अच्छी वर्षा होने लगती है इसे बैंग विवाह कहते हैं। सरगुजिहा करमा लोकगीत में पानी के लिए मेंढक से गुहार करते हुए किसान कह उठता है -

ए मुनदी तरी आहा रे बैंग राजा पानी ला बुलावे।
ए नइहर कर जोड़ा सेंडिल छूटीन रे अब दिल टूटे हाय रे।
ए नइहर कर संग साथी छूटीन रे आसब दिल टूटे हाय रे।

इस तरह प्रकृति पूजन के साथ वर्ष भर होने वाले तीज त्योहार, मेला मड़ई और विवाह के अवसर पर तथा अन्य मांगलिक कार्यक्रम में भी तरह तरह के गीत गाने की परम्परा है। मांदर, मंजीरा और ढोल के साथ अपनी वेशभूषा में ही गीत गाते मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति कभी भी देखा जा सकता है।


---

ऐतिहासिक

कृष्णा रंजन

## मंडला से कबीरधाम के वर्तमान राजघराना का सम्बन्ध

कबीरधाम का वर्तमान राजघराना मंडला के गोंड राजघराने से संबंधित है। बिलासपुर जिले के पंडरिया जमींदार भी कवर्धा राजघराने के ही हैं। यह सम्बन्ध इस तरह का था कि यदि कवर्धा राज परिवार में कोई राजा संतानहीन मरता तो पंडरिया के वंशज राज्य के अधिकारी होते। बहुत पहले कवर्धा में मंडला राज परिवार के एक सामंत राजा राज्य करते थे।



यह राजा मोड़ा रियासत के कुल में से थे। इसी बीच मंडला और सागर के राजा के मध्य भयावह युद्ध छिड़ गया। मंडला के राजा सागर की सेना का मुकाबला अकेले नहीं कर सकते थे। मोड़ा के जमींदार तथा पंडरिया के राजा ने मिलकर मंडला के राजा की सहायता की और सागर की सेनाओं को मार गिराया। पंडरिया का महाबली सिंह बहादुर तो था ही महाधूर्त भी था। मंडला के राजा ने मोड़ा रियासत के शासक तथा महाबली सिंह को उनकी युद्ध संबंधी सेवाओं के लिए पुरस्कृत करने मंडला आमंत्रित किया। महाबली सिंह ने समय का लाभ उठाया। उसने भोडा के राजा को कुछ ऐसे षडयंत्र में फांस दिया कि वह यथासंभव मंडला न पहुंच सका। महाबली सिंह अकेले पहुंचा। मंडला राजा को उसने बताया भोडा के राजा कहीं फरार हो गए हैं। परिणामस्वरूप पूरा राज्य महाबली सिंह ने अकेले पुरस्कार के रूप में प्राप्त किया। महाबली सिंह ने लगातार 50 वर्ष तक शासन किया। उसके पुत्र उजियार सिंह ने पिता की मृत्यु के बाद शासन किया और निसंतान मर गया। उनकी माता और विधवा रानी ने कुछ दिन राजकाज देखा। विधवा रानी भी चल बसी। इसके बाद जो भी उत्तराधिकारी हुए किसी के संतान नहीं हुए।

भिति चित्र

हेमू यदु

## जोगीमारा गुफा में आकर्षक भिति चित्र

सरगुजा अंचल के रामगढ़ पहाड़ी में जोगीमारा गुफा की छत को लेप लगाकर चिकना किया गया है। भित्तियों पर रंग बिरंगी छोटे छोटे आकर्षक पशु पक्षी, नर नारी, युद्धरत योद्धा, देव दानव, वट वृक्ष, गजराज और मानव समूह के चित्र बनाए गए हैं। इन चित्रों को उकेरने के लिए गहरे काले रंगों का बारीकी से प्रयोग किया गया है।



इनमें अधिकांश चित्र डेढ़ या दो इंच के हैं। देखने से ऐसा प्रतीत होता है मानों अभी निर्मित किए हों। प्राकृतिक प्रकोपों में इनमें कोई अंतर नहीं आया है। इन गुहा चित्रों में तत्कालीन समाज के जीवन दर्शन को समेटने का प्रयास किया गया है। हर चित्र अलग स्वरूप में कोई न कोई संदेश देते प्रतीत होते हैं। चित्रों की स्थिति और अवस्था को देखने से जीवंत लगने लगते हैं। जिसमें उपदेश देते हुए वृद्ध पुरुष के सिर के पीछे चक्र की आभा स्पष्ट परिलक्षित होती है, इससे किसी योगी या महात्मा की कल्पना की जा सकती है। कुछ विद्वान इसे महात्मा बुद्ध द्वारा राजसी ठाट बाट त्याग कर मोक्ष की प्राप्ति हेतु उपदेश व प्रवचन किए जाने की बात निरूपित करते हैं। वहीं दूसरी ओर मानव का वैराग्य जीवन दर्शन दिखाने के लिए तपस्वियों एवं साधु संन्यासियों को उपदेश देते हुए व उन उपदेशकों को जनसाधारण को सुनते और सत्संग करते दिखाया गया है। इसी तरह अनेक प्रकार के दिनचर्या से जुड़ी चित्रण भी यहां देखने मिलते हैं।

---

**छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य, लोक गीतों और लोक वाद्यों का संवादात्मक रूप है जिसमें लोक लोक साहित्य की समस्त विधाओं का समन्वय है। छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य आंचलिक लोक जीवन का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करता है। मानवीय अनुभूतियों की तीव्रता के साथ आदिम स्वरूप की आधुनिकतम, समन्वयकारी अभिव्यक्ति का साक्षात प्रतिबिंब है छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य।**

# छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य का बदलता स्वरूप



नाटकों के पात्र प्रसंगानुसार भूमिका का निर्वहन करते हुए धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक चेतना का भावानुकूल सहज संप्रेषण करते हैं। संगीत एवं काव्य के समन्वय के साथ गीत, नृत्य और संगीत का समावेश नाटक को आनंद की चरम में पहुंचा देता है। गंभीर चिंतनशील भावों के साथ हास्यास्पद स्वांग दशकों को कभी सुख, दुख तो कभी हास्य बोध कराता है। मानवीय संस्कारों की व्यंजना से ओतप्रोत सास बहू, ननद भौजाई के नोक झोंक,प्रेमी प्रेमिका, सौतेली मां बाप बेटे के प्रसंगों को साथ लेकर समूह रूप से मन के भावों को स्पर्श करने, हंसने रुलाने और अपने साथ भावात्मक रूप में बहाने का काम करते हैं। नाचा उन्मुक्त माहौल और कहानी कहने की कला के साथ संवेदनशील दर्शकों को रस विभोर करने की क्षमता रखती है, यही कारण है कि लोगों की दीवानगी नाचा के प्रति बनी हुई है। वर्तमान में इक्कीसवीं सदी के बुद्धिजीवी, रंगकर्मी और कला मर्मज्ञ नाचा को देख और सुन रहे हैं, यह नाचा की महत्ता को रूपांकित करते हैं। आधुनिक लोक नाट्य का रूप नाचा का बदलता रूप है। ठेठ नाचा का परिष्कृत और परिमार्जित रूप लोक परंपरा के आस्था के साथ चलता है। सामाजिक गतिशीलता और परिवर्तनशीलता के प्रभाव ने नाचा को आधुनिक छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य में रूपांतरित किया। विगत दशकों में आधुनिक छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य के रूप में प्रदर्शित हुए लोक नाट्यों में क्रमशः चंदैनी गोंदा, सोनहा बिहान, लोरिक चंदा, कारी, सोन सरार, हरेली, हिरमा की अमर कहानी, दशमत कैना, गम्मतिहा, आदि हैं। 50-50 कलाकारों के समूह के रूप में छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य, संस्कृति को दाऊ रामचन्द्र देशमुख ने गौरवान्वित कर लोक मंच को लोक नाट्य के रूप में शीर्ष पर पहुंचाया।



लोक नाट्यः डा. फिरोजा जाफर अली

---

आस्थाः सुरेश तिवारी

## दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी की विभिन्न रूपों में पूजा



बहुत समय पहले सुविधा के अभाव में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा के निकटस्थ ग्रामों के ग्रामीण मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना हेतु पैदल आते थे। साधन के अभाव में ग्रामीणों ने मां दंतेश्वरी के ही विभिन्न रूपों को देवी के रूप में अपने अपने ग्राम में माता गुड़ी बना कर स्थापित किया। इस तरह यहां पूजा किए जाने वाली विभिन्न देवियों को भी मां दंतेश्वरी का रूप माना जाता है। मावली माता इनमें सबसे प्रमुख हैं। इनके अलावा टेकानार से परदेसिन माता, हिरमा देवी, शीतला माता, कोलाकामिन माता, ग्राम बालपेट में गंगना देवी, मटेनार में सेमरिया माता, बेंगलूर में पातका देवी, मलेनार में पीला देवी, कारली में घासबेड़ीन माता की पूजा की जाती है, इन माताओं को मां दंतेश्वरी की बहनें भी कहते हैं। यहां माता की 32 बहनों में प्रमुख रूप में कोट गुड़िन, पेंडरावडीन, कंकालीन, परदेसीन, बिजलीकरीन, शीतला, जलनीबूढ़ी, दुलारदई, रेवागड़ीन, हिरमादई, कोलाकामिनी आदि हैं। यह देवियां माता गुड़ी में अलग अलग स्थानों में स्थापित हैं। अनेक पर्वों पर तथा किसी भी घर मांगलिक कार्य होने पर सर्वप्रथम माता मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है ताकि माता के आशीर्वाद से सभी कार्य सुगमता और सरलता से संपन्न हो सके। माता के इस स्थल पर साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाती है।

सुरता

तेरस यादव

## कई विधाओं में लेखन किए बाबूलाल सीरिया



लोक कवि बाबूलाल सीरिया का जन्म कोलकाता में हुआ था। बाल्यकाल में पिता के निधन हो जाने के कारण माताजी के साथ बिलासपुर आकर स्थाई रुप से निवास करने लगे। छत्तीसगढ़ की माटी में रम जाने के कारण उन्होंने छत्तीसगढ़ी में अपनी प्रथम कृति गमकत गीत का प्रकाशन कराया। उसके बाद हिन्दी में काव्य संग्रह मधुरस का प्रकाशन कराया। बिलासपुर के भारतेंदु साहित्य समिति की क्रियाशीलता को आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं किए। सीरिया जी हमेशा मानते थे कि काया यदि कोठा है तो उसमें निहित धुंधवाता मन अवस्थित अन्न खरही सदृश है। सीरिया जी अपने छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह में लिखते हैं -

चंदा के चंदैनी ह माते हे अलबेली,
चिटिक सुग्घर दिखय जइसे नरियर के भेली।
लाही अस छटके आंखी आमा कस कइरी,
झूमर झूमर लागय जइसे बाजत हावय पइरी।
होंठ म ले चहय बुंदी अमरित सही झलकय,
गंगा जमुनी लुगरा भीतर चूरी खन खन खनकय।

सीरिया लेखनी के अलावा लेखकों को मंच भी प्रदान करने में लगे रहे। आपकी कई कृतियां अप्रकाशित रहीं। प्रकृति चित्रण, पलायन, मां बेटी का दर्द, सामाजिक पहलू आपके लेखन के विषय रहे हैं। आप अपने जीवन के अंतिम सांसों तक लेखन करते रहे।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

---

लोक साहित्य

डा. यशेश्वरी ध्रुव

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर साहित्य का प्रभाव

छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्य में संस्कृति स्वस्फूर्त होगी। इसमें अपवाद भी हो सकते हैं। इस अंचल में रमे और संस्कृति में जमे बिना छत्तीसगढ़ी साहित्य लिखा जाएगा तब वह साहित्य न स्थायित्व को प्राप्त करेगा, न ही भाषा के स्वस्थ स्वरूप को ही अनावृत करेगा। इसलिए सूचकों के आधार पर शब्दानुवाद तो संभव है लेकिन मौलिक लेखन नहीं।

हिन्दी में अंचल विशेष पर लिखित कथा साहित्य जबकि लोक भाषा में लिखित साहित्य अंचल विशेष के साहित्य से संबद्ध होगा, यथा - छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी,बुंदेली साहित्य। छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्य में संस्कृति स्वस्फूर्त होगी। इसमें अपवाद भी हो सकते हैं। इस अंचल में रमे और संस्कृति में जमे बिना छत्तीसगढ़ी साहित्य लिखा जाएगा तब वह साहित्य न स्थायित्व को प्राप्त करेगा, न ही भाषा के स्वस्थ स्वरूप को ही अनावृत करेगा। इसलिए सूचकों के आधार पर शब्दानुवाद तो संभव है लेकिन मौलिक लेखन नहीं। आंचलिक भाषा का रचनाकार अंचल के भूगोल, इतिहास, जनजीवन और प्रकृति से इतना समरस हो जाता है कि उसके भीतर जाकर वह अपनी पड़ताल करता है। इस तरह छत्तीसगढ़ी साहित्य में रहन सहन, खानपान, रीति



रिवाज , व्रत त्योहार, पर्व उत्सव,मेले मड़ई, जादू टोना, लोक मान्यता,लोक विश्वास,लोक धर्म आदि वह सब कुछ अभिव्यक्त होता है जो संस्कृति को समग्रता से परिभाषित करता है। हिन्दी साहित्य में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रभाव उसे जहां आंचलिक बना देता है, वहीं छत्तीसगढ़ी साहित्य में जीवंत बना देता है। छत्तीसगढ़ी कथा साहित्य में संस्कृति के प्रायः समग्र तत्व समाहित हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ी कथा साहित्य आज भी संस्कृति का संवाहक सिद्ध हुआ है। इसमें छत्तीसगढ़ी मनुज की तरह संस्कृति भी सन्निहित है। जो साहित्य संस्कृति को संरक्षित रखता है वह प्रकारांतर में जीवन मूल्यों को महत्व देता है और मानवता को मान देता है। ऐसा साहित्य सार्थक अनुभूति के लिए सार्थक भाषा का अन्वेषण भी करता है तदनुरूप सांस्कृतिक शब्दों के प्रयोग, मुहावरों कहावतों के योग व ध्वन्यात्मकता के उपयोग को सहज ही उपस्थित कर देता है। इस तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति का साहित्य पर प्रभाव अवश्यंभावी है।

## चार पिकअप से अवैध धान व महुआ पकड़ाया

**जगदलपुर।** उपज का अवैध कारोबार को रोकने के लिए राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के जेडी ने टीम गठित की। जेडी के निर्देश पर हॉल ही में लगभग 10.30 बजे रात को मुखबीर की सूचना पर टीम ने चारामा नाका पर वाहनों का चेकिंग किया। वाहनों की जांच में 3 पिकअप से धान का परिवहन करते पकड़ा गया। इसके अलावा एक पिकअप से महुआ मिला, जिसके दस्तावेज आदि की मांग की गई, पर नहीं मिला। इस पर जेडी की टीम ने चारों वाहन में मिले धान एवं मक्का अवैध मिले, जिस पर मंडी ने मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर पांच गुना मंडी शुल्क 37 हजार रुपए वसूल किया गया। साथ ही संभाग के सातों जिले के मंडी क्षेत्र में और धनपूंजी, भोपालपटनम, कोंटा, नारायणपुर में बेरियर लगाया गया है। जहां के लिए अवैध उपज का परिवहन रोकने की टीम के अधिकारी-कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं।

# मोबाइल लौटाने के बदले पैसे मांगना पड़ा महंगा, युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ में रविवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक ने एक गुम हुए मोबाइल फोन को लौटाने के बदले खर्चे के लिए 100-50 रुपए की मांग की थी, जो आरोपियों को नागवार गुजरी और इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नाबालिग सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन आरोपियों को जेल भेजा गया, जबकि पांच नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


राजनांदगांव से चिचबोड़ बारात आई थी, मोबाइल गुमने और पाने के बाद हुआ विवाद
बाराती ने घराती युवक को चाकू से गोदा
मौके पर एक की मौत, आरोपी कस्टडी में



### फोन लौटाने पर पैसों की मांग से भड़के युवक, कर दी हत्या

मृतक रामप्रसाद (निवासी मरहीकापा बिलासपुर) शादी समारोह में शामिल होने ग्राम चिचबोड़ आया था। शादी के कार्यक्रम समाप्त होने के बाद, वह मटिया जाने के रास्ते में था तभी उसे एक मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला। फोन पर कॉल आने पर, सामने वाले युवक ने खुद को लक्ष्य ठाकुर उर्फ लक्की (बसंतपुर, राजनांदगांव) बताया और फोन वापस मांगा। रामप्रसाद ने फोन लौटाने की बात कही, लेकिन खर्चा-पानी के नाम पर मामूली राशि की मांग कर दी।

### पुलिस ने हत्या के आरोप में किया मामला दर्ज

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना गुण्डरदेही में धारा 194 बीएनएस और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हत्या की मंशा से हमला किया गया था। आरोपियों के खिलाफ धारा 103, 191(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को जेल और पांच नाबालिगों को बाल न्यायालय भेजा गया है।

### 500 रुपए खर्चे का जिक्र बना हत्या की वजह

गांव में यह चर्चा भी रही कि दूल्हे के एक रिश्तेदार ने रामप्रसाद को 500 रुपये खर्च के लिए दिए थे, जिससे वह शराब लेने हल्दी शराब भट्टी की ओर निकला था। रास्ते में ही आरोपी युवक और उसके साथी पहले से घात लगाए बैठे थे। ग्राम चिचबोड़ के चोवाराम साहू के घर के पास पुल के पास मृतक और उसके साथी सतीश कुमार को घेरकर आरोपियों ने हाथ, लात और चाकू से हमला किया। रामप्रसाद के सिर, पसली और कमर पर चाकू से वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# फिरौती लेने अपहरण कर युवक की कर दी हत्या, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले की पुलिस ने हत्या के दो मामलों का खुलासा करते हुए अलग-अलग मामलों में नाबालिग सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला कोमाखान थाना क्षेत्र का है, जहां टोंगोपानी कसेकेरा के खेत में टेप से बंधे मिले शव के मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरे मामले में बसना थाना के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सनबहाली में पोते ने जादू टोने के शक में अपनी दादी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पहले मामले को लेकर कोमाखान पुलिस ने बताया कि 9 मई को सूचना मिली कि ग्राम कसेकेरा टोंगोपानी के पास सुनसान स्थान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है जिसके मुंह चेहरे एवं हाथों को प्लास्टिक के सेलो टेप से लपेटा गया था। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा घटनास्थल का मुआयना कर मर्ग कायम किया गया। पोस्टमार्टम में डॉक्टर के द्वारा मृत्यु का कारण दम घुटना एवं हत्या प्रकृति का होना लेख किया गया। मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1), 238(ए), 140(1), 308(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान हत्या के सभी संभावित बिंदुओं की जांच करते हुए पुलिस द्वारा संदिग्धों की पतासाजी शुरू इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए गए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 651/लो.क.वि./न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनांक 13.05.25

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 168287 | CONSTRUCTION OF B.T. ROAD IN SANJAY MARKET | 48.95 | 03.06.2025 |
| 02 | 168287 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN IN SANJAY MARKET | 40.58 | 03.06.2025 |
| 03 | 168288 | CONSTRUCTION OF ENTRY GANTRY BOARD IN SANJAY MARKET | 10.25 | 03.06.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़


## गोली चलने से मचा हड़कंप, पिता-पुत्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

मुख्य मार्ग पुराने नेशनल हाईवे के किनारे आभूषण दुकान में गोली चलने से हड़कंप मच गया। इस घटना में ज्वेलरी दुकान के संचालक और उनकी बेटी घायल हो गए। तत्काल दोनों को इलाज के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही धमतरी के व्यापारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार वेयरहाउस के सामने बरड़िया आभूषण में रात 8 से 8:30 बजे के लगभग दो नकाबपोश बंद शटर को उठाकर अंदर घुसे और गोली चलाना शुरु कर दिया। गोली नैना



बरडिया के पैर में लगी। पिस्टल के बट से आभूषण दुकान के संचालक भंवरलाल बरड़िया उम्र लगभग 58 वर्ष के सिर में मारा गया। सूचना मिलते ही तुरंत परिवारजनों ने बाप बेटी दोनों को मसीह अस्पताल लाकर भर्ती कराए। जहां दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। यह खबर आग की तरह पूरे शहर में फैल गई। व्यापारी, सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी, जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल और ज्वेलरी दुकान में पहुंच गए।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)
(फौव्वारा चौक, पुराना जिला चिकित्सालय भवन, भूतल बालोद)
E-mail ID- dam.balod@gmail.com

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि जिला स्वास्थ्य समिति, जिला बालोद की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बालोद अंतर्गत "टैक्सी वाहन किराये पर आपूर्ति हेतु निविदा" आमंत्रित किया जा रहा है। जिसे हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया गया है।

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ की तिथि | 09.05.2025 समय सुबह 10:00 बजे से |
| 2. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 09.06.2025 समय दोपहर 02:00 बजे तक |
| 3. | निविदा खोले जाने की तिथि | 09.06.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से |

इच्छुक फर्म/संस्था/एजेंसी / व्यवसायिक भवन / हॉटल संचालक इत्यादि के द्वारा निविदा फार्म जिले की वेबसाईट www.balod.gov.in से डाउनलोड एवं अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- बालोदे (छ.ग.)

S-43831/1



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 21/05/2025

| स क्र | नि.आ.सु.क्र./नि. आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 34/2024-25 दिनांक 08/05/2025 | 168042 (द्वितीय आमंत्रण) | जगदलपुर इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम परिसर में वुडन फ्लोर एवं बैंडमेंटन हॉल का निर्माण कार्य। | 99.64 |
| 2 | 35/2024-25 दिनांक 08/05/2025 | 168044 (द्वितीय आमंत्रण) | एयरपार्ट जगदलपुर में बाऊडीवॉल कंस्सलटिना क्वाईल सहित उन्नतिकरण कार्य की निविदा। | 81.31 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-252600790/2



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा।

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0-निविदा संख्याः- 01/2025-26/RWD/EE/GODDA दिनांकः 13-05-2025

कार्य का विवरणः मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/EE/GODDA/ 38/2024-25 | पसई से बदराडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं0-1.300 कि0मी0) प्रखंड- पोड़ैयाहाट | 1,43,47,000.00 | एक करोड़ तैंतीलीस लाख सैंतीलीस हजार रू0 मात्र | 09(नौ) माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/GODDA/ 39/2024-25 | पसई से कजरा भाया गढ़ी तक पथ निर्माण कार्य (लं0-2.300 कि0मी0) प्रखंड- पोड़ैयाहाट | 2,34,67,500.00 | दो करोड़ चौंतीस लाख सड़सठ हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12(बारह) माह | प्रथम |
| 3 | RWD/EE/GODDA/ 40/2024-25 | तिलाटॉड़ मोड़ से तिलाटॉड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं0-2.980 कि0मी0), प्रखंड- पोड़ैयाहाट | 3,24,25,500.00 | तीन करोड़ चौबीस लाख पचीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15(पन्द्रह) माह | प्रथम |
| 4 | RWD/EE/GODDA/ 17/2024-25 | गोपलाडीह ग्रामीण पथ का निर्माण कार्य (लं0 2.200 कि0मी0), प्रखंड- गोड्डा | 1,91,59,200.00 | एक करोड़ इकानबे लाख उनसठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 12(बारह) माह | प्रथम |
| 5 | RWD/EE/GODDA/ 18/2024-25 | छोटी कल्याणी से विशनपुर तक पथ का निर्माण कार्य (लं0 2.050 कि0मी0), प्रखंड- गोड्डा | 2,47,44,700.00 | दो करोड़ सैतालीस लाख चौवालीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 12(बारह) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- 19.05.2025
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः- 06.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-09.06.2025 अपराह्न 11.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं0- 9973573276
6. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गोड्डा।

PR 352246 (Rural Work Department) 25-26 (D)


## एक्सीडेंट में स्कार्पियो ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित हुई स्कार्पियो के खेत में पलट जाने से ड्राइवर की मौत हो गई। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम अजगरखार का है। पुलिस ने बताया कि 11 मई को करीबन 7 बजे के आसपास कमलेश नायक पिता अयोध्या नायक (42 वर्ष) सरकण्डा अपने स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 06 जी आर 9966 को चलाते हुए अजगरखार से बारात लेकर केजुवां गया हुआ था। वापस घर आते समय रात्रि करीबन 2.30 बजे सरकंडा एवं अजगरखार के बीच मोड़ में वाहन तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने के चलते अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। जिसके चलते चालक कमलेश नायक की रोड मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

## बोरगाड़ी और पिकअप की सीधी भिड़त, एक चालक की मौत



**भानुप्रतापपुर।** कच्चे में बीती रात को कच्चे चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बोरगाड़ी और पिकअप में आमने सामने भिड़त हो गई, जिसमें पिकअप के परखच्चे उड़ गए और सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप चालक की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में टक्कर होने के बाद तेज आई आवाज को देखने के लिए रात को ही भीड़ जुट गई थी। भानुप्रतापपुर से दल्ली-राजहरा की ओर जा रही पिकअप क्रमांक सीजी 25 ई 9713 और विपरीत दिशा से आ रही बोरगाड़ी की सीधी टक्कर बीती रात को लगभग 10 बजे के आसपास कच्चे चौकी से 100 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग में हुआ। दोनो वाहनों में टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप का चालक धर्मेन्द्र कोला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक कच्चे चौकी अंतर्गत भैंसमुंडी का निवासी है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर मृतक के परिजन भी पहुँच गई और घटनास्थल पर माहौल गमगीन हो गया था। इस मार्ग पर भारी वाहनों की संख्या और गति दोनो बढ़ गई है।


## राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)
## पुलिस लाईन कैम्पस, टिकरापारा रायपुर

क्रमांक/रा.न्या.वि.प्र / राय. /भर्ती एवं चयन / M - 2251 / 2025
रायपुर दिनांक 09.05.2025

**सूचना**

इस कार्यालय के भर्ती विज्ञापन क्रमांक / रा. न्या. वि.प्र. /भर्ती एवं चयन / एम - 3406 - ए / 2023 रायपुर दिनांक 16.08.2024 द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर हेतु प्रयोगशाला सहायक (संविदा) एवं प्रयोगशाला परिचारक (संविदा) के कुल 15 पदों पर भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। जिसकी परीक्षा, शेड्यूल अनुसार दिनांक 18.05.2025 को दो पालियों में क्रमशः प्रयोगशाला सहायक हेतु 10:00 बजे से 11:00 बजे तथा प्रयोगशाला परिचारक हेतु 01:00 बजे से 02:00 बजे होना निर्धारित है।

इस हेतु राज्य में कुल 05 परीक्षा केन्द्र, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर, आंजनेय विश्वविद्यालय, नरदहा रायपुर, Maharaja Agrasen International College, Sri Ramnath Bhimsen Marg, Chaubey Colony, Amapara, Raipur (C.G.) तथा शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) बनाये गये हैं।

एडमिट कार्ड का प्रारूप तथा अन्य जानकारियां विभाग के वेबसाईट https://fsl.cg.nic.in में उपलब्ध है।

नोडल अधिकारी
(भर्ती एवं चयन)
रान्याविप्र रायपुर

G-252600777/3



## कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
दूरभाषः- 07774-299120, ईमेल- disa.sarguja@gmail.com

क्रमांक 459 / जि.वि.से.प्रा. / 2025 अम्बिकापुर, दिनांक 08/05/2025

**संक्षिप्त विज्ञापन**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर जिला - सरगुजा छ.ग. के अंतर्गत कार्यालय स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के (LADCS) लिये डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल के निम्न रिक्त पदों पर संविदात्मक भर्ती हेतु अर्हता प्राप्त भारतीय नागरिकों और भारत सरकार द्वारा मान्य अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंतिम तिथि 22/05/2025 को सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) में रखे गये ड्राप बाक्स में डालकर अथवा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। (अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।)

(1) रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | रिक्त पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल | 2 |
| 2. | असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल | 3 |
| | कुल | 5 |

**नोटः-** 01. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कर्मी या वृद्धि की जा सकेगी। 02. कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) के वेबसाईट https://sarguja.dcourts.gov.in पर विस्तृत विज्ञापन / जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है, जहां से आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष
भर्ती एवं चयन समिति,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

G-252600773/3



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## पुराना जिला चिकित्सालय भवन जिला राजनांदगाँव (छ.ग)
Email:- cmho-rjn.cg@gov.in, Ph. 07744-224084

क्रमांक/स्था./सीधी भर्ती/2025 /4210 राजनांदगांव दिनांकः 08.05.2025

**।। सूचना ।।**

**जिला स्तरीय रिक्त नियमित पदो भर्ती के संबंध में नियुक्ति आदेश का प्रकाशन विषयक** - जिला स्तरीय रिक्त पदों **ड्रेसर ग्रेड-2**, के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से पूर्ति करने हेतु आनलॉईन माध्यम से आमंत्रित आवेदन पत्रों के आधार पर विभागीय चयन समिति की अनुशंषा, अनुमोदन तथा निर्देश के परिपालन में **ड्रेसर ग्रेड-2 के पदों हेतु चयनित अभ्यार्थियों** का नियुक्ति आदेश का प्रकाशन विभागीय वेबसाईट (**www.cghealth.nic.in**) के माध्यम से किया जाना जा रहा है।

अतः सर्व चयनियत अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति आदेश की प्रति राज्य स्तर के विभागीय वेबसाइट **www.cghealth.nic.in** से डाउनलोड कर 10 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति इस कार्यालय में दे सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

G-252600768/1



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90, Fax. 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 277/ भ.नि.अ.प्र./ न.पा.नि./2025 रायपुर दिनांक 09.05.2025

**// तृतीय आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम डूंडा प.ह.न. 118 में मेसर्स संजय बाजपेयी बिल्डर्स प्रा.लि. डायरेक्टर डॉ. सरिता बाजपेयी एवं अन्य कृष्णा काम्पलेक्स तृतीय तल रायपुर छ.ग द्वारा कपटपूर्ण तरीके से शासकीय भूमि को शामिल करते हुए, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, शारदा चौक, रायपुर से जारी विकास अनुज्ञा स्वीकृत कराकर भूखण्डों का विक्रय किये जाने का तथ्य शासन के संज्ञान में आने के पश्चात संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा परीक्षण/ विवेचना के आधार पर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 16 एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास निगम 1984 के नियम 25 के तहत प्रतिसंहत (revoke) किया गया है। जिसके प्रबंधन अधिग्रहित करने हेतु पूर्व में दिनांक 05.07.2024, 15.07.2024 एवं 01.08.2024 को आम सूचना प्रकाशित की गयी थी। उक्त प्रकाशन में दिये गये खसरों के अतिरिक्त न्यू स्वागत विहार के निम्न खसरों की भूमि का प्रबंधन अधिग्रहित किया जाना है। जो कि निम्नानुसार हैः-

| क्र. | भूमि खसरा क्र. |
|---|---|
| 1 | 508/8, 519/2क, 536/2, 537/1, 538/3, 538/4, 538/5, 538/6, 538/7, 538/8, 538/9, 539/1,539/2, 540, 541/2, 541/3, 542/1, 542/2, 542/3, 543/1, 543/2, 543/3, 545, 546/1, 546/3, 546/4, 546/5, 548/1, 548/2, 549, 550/2, 550/3, 564/4, 564/7, 564/9, 566/1, 566/2, 566/3, 567, 568/1, 568/2, 570, 573 |

आवास एवं पर्यावरण विभाग छ.ग. शासन के पत्र क्र एफ 3-7 /2013/ 32 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04.10.2023 के अनुसार मंत्री परिषद दिनांक 26.09.2023 में लिये गये निर्णय के परिपालन मे न्यू स्वागत विहार कालोनी को अनाधिकृत मानते हुये छत्तीसगढ़, नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निबंधन तथा शर्ते) नियम 2013 के नियम 15 एवं नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956 की धारा 292 (ङ) के तहत शहरी क्षेत्र में स्थित भूमि पर कालोनी के प्रबंधन का अधिकार आयुक्त (सक्षम प्राधिकारी), नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा ग्रहण करने का प्रस्ताव है।

उक्त कालोनी में उपरोक्तानुसार खसरों की भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्ति दिनांक 19.05.2025 से 21.05.2025 तक लिखित रूप में निर्धारित प्रारूप में जोन कार्यालय जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के पास में दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें की सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कालोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन उसके द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए? दावा आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के अमलीडीह स्थित कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में अथवा नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट https://nagarnigamraipur.nic.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

आयुक्त
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग



## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/o THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, RAIPUR Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions).** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_21 Dt. 13.05.2025 RFX No. 8100043059 | **Estimate for augmentation of power transformer No.-2 from 5 MVA to 8 MVA at 33/11 KV VIP Mowa substation under MMVASVY scheme (STN-2024-25) under City Dn. (East) Raipur.** | 4,26,158/- | Dt. 02.06.2025 upto 02:30 PM | Dt. 02.06.2025 upto 03:00 PM |
| 2. | TR-2025_22 Dt. 13.05.2025 RFX No. 8100043062 | **Estimate for augmentation of power transformer No.-1 from 5MVA to 8MVA at 33/11KV Ashoka Ratan Substation under MMVASVY scheme (STN-2024-25) under City Dn. (East) Raipur.** | 4,25,569/- | Dt. 02.06.2025 upto 02:30 PM | Dt. 02.06.2025 upto 03:00 PM |
| 3. | TR-2025_23 Dt. 13.05.2025 RFX No. 8100043063 | **Estimate for augmentation of power transformer No.-2 from 5 MVA to 8 MVA at 33/11 KV VIP Shankar Nagar substation under MMVASVY scheme (STN-2024-25) under City Dn. (East) Raipur.** | 4,26,158/- | Dt. 02.06.2025 upto 02:30 PM | Dt. 02.06.2025 upto 03:00 PM |
| 4. | TR-2025_24 Dt. 13.05.2025 RFX No. 8100043065 | **Estimate for Providing Augmentation 5.00 MVA to 8.00 MVA Power Transformer at 33/11 KV Rajbandha Sub-Station under City Central Dn. CSPDCL Raipur.** | 4,56,972/- | Dt. 02.06.2025 upto 02:30 PM | Dt. 02.06.2025 upto 03:00 PM |
| 5. | TR-2025_25 Dt. 13.05.2025 RFX No. 8100043068 | **Estimate for external electrification of Avinash One Phase-2 Near 36 Mall GE Road Purena, Raipur under Purena Zone City Dn. South, CSPDCL Raipur** | 18,61,563/- | Dt. 02.06.2025 upto 02:30 PM | Dt. 02.06.2025 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

**SAVE ELECTRICITY**

**Superintending Engineer City Circle-I, CSPDCL: Raipur**



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ. ग.)

**ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.167785 निविदा सूचना क्र. 02/ व.ले.लि./2025-26,
दुर्ग दिनांक 08.05.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 26.05.2025 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

**कार्य का नाम : दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की खारून नदी पर खुड़मुड़ा पार्ट-2 बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत : रूपये 295.40 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर **दिनांक 15.05.2025 समय 17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी
कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-252600766/1

# कर्ज लेने की औसत आयु 21 साल घटकर 25 से 28 के बीच : रिपोर्ट


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज लेने वाले ग्राहकों की औसत उम्र में कमी आई है। पहले औसतन 47 साल की उम्र में लोग कर्ज लेते थे, जबकि अब 25 से 28 साल की उम्र में ही कर्ज लेना शुरू हो जाता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट कहती है कि अब ग्राहक पिछली पीढ़ियों के मुकाबले औसतन 21 साल पहले कर्ज लेने लगे हैं। उपभोक्ता कर्ज और मुफ्त 'क्रेडिट स्कोर' की सूचना देने वाले मंच 'पैसा बाजार' के इस अध्ययन के मुताबिक, ''1960 के दशक में जन्मे उपभोक्ताओं ने औसतन 47 साल की उम्र में अपना पहला कर्ज लिया। वहीं, 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता कर्ज लेने की शुरूआत 25 से 28 वर्ष की उम्र में ही कर रहे हैं।''

## एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आंकड़ा जारी किया गया

### कर्ज की पहुंच पहले से आसान हुई

बिनानी ने कहा कि विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि किस तरह समय के साथ पूरा परिवेश बेहतर हुआ और कर्ज पहुंच आसान होती गयी है। पैसाबाजार के अध्ययन के मुताबिक, कर्ज के लिए चुने जाने वाले उत्पादों में भी पीढ़ियों के बीच स्पष्ट बदलाव आया है।



### अब लोग कर्ज युवावस्था में ले रहे

अध्ययन के अनुसार, पहले लोग आवासीय ऋण को उम्रदराज होने पर लेते थे लेकिन अब युवावस्था में ही लोग कर्ज लेने लगे हैं। पहले घर के लिए कर्ज लेने की औसत उम्र 41 साल (1970 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हुआ करती थी, वहीं अब यह घटकर 28 वर्ष (1990 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हो गई है। इसी तरह, कारोबार के लिए पहला कर्ज लेने की औसत उम्र भी 42 साल से घटकर 27 साल हो गई है।

### उपभोक्ता अब असुरक्षित कर्ज ले रहे

जहां पिछली पीढ़ियां आमतौर पर अपनी कर्ज की शुरूआत आवास ऋण या वाहन कर्ज जैसे सुरक्षित कर्जों से करती थीं, वहीं 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता आमतौर पर 25 से 28 वर्ष की उम्र में असुरक्षित माने जाने वाले क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और टिकाऊ उपभोक्ता सामानों के लिए कर्ज ले रहे हैं।

### उपभोक्ताओं की सोच में आया बदलाव

इससे यह स्पष्ट होता है कि कर्ज मिलना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है और उपभोक्ता की सोच में भी बदलाव आया है। पीबी फिनटेक समूह की इकाई पैसाबाजार ने इस रिपोर्ट में एक करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के कर्ज लेने की प्रवृत्ति का विश्लेषण किया है।

### जरूरतों को पूरा करने इस्तेमाल कर रहे कर्ज

पैसाबाजार की मुख्य उत्पाद अधिकारी राधिका बिनानी ने कहा, "आज के युवा उपभोक्ता ज्यादा जागरूक, महत्वाकांक्षी और डिजिटल रूप से सक्षम हैं। पहले की तुलना में वे न केवल जल्दी कर्ज ले रहे हैं बल्कि उसका अधिक आत्मविश्वास से और विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।"


## खबर संक्षेप



### सिप्ला का लाभ 30 फीसदी बढ़कर 1,222 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये रहा है। सिप्ला ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। सिप्ला ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय बढ़कर 6,730 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6,163 करोड़ थी।

### भारती एयरटेल के मुनाफे में पांच गुना बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का मार्च में समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब पांच गुना होकर 11,022 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से शुल्क बढ़ोतरी के प्रभाव के कारण कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। भारती एयरटेल ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,071.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 27 प्रतिशत बढ़कर 47,876.2 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2024 की तिमाही में 37,599.1 करोड़ रुपये था।

### पावर मेक प्रोजेक्ट्स को मिला 982 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** पावर मेक प्रोजेक्ट्स को एकीकृत टाउनशिप के निर्माण के लिए तेलंगाना पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। पावर मेक प्रोजेक्ट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया यह ठेका निर्माणस्थल का कब्जा लेने की तारीख से 30 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। कंपनी सूचना के अनुसार, कंपनी को तेलंगाना पावर जनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

### हीरो मोटोकॉर्प का लाभ 24 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 1,169 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 943 करोड़ रुपये रहा था। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,794 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,244 करोड़ रुपये हो गई।

### सुवेन लाइफ साइंसेज को 43.95 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 43.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को राजस्व में गिरावट और अधिक व्यय के कारण घाटा हुआ। सुवेन लाइफ साइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा 26.54 करोड़ रुपये दिया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय घटकर 1.47 करोड़ रुपये रही।

## खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 3.16 प्रतिशत पर आई

# 6 साल में पहली बार खुदरा महंगाई सबसे कम! सब्जियों सहित खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। मार्च, 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े संतोषजनक दायरे में

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 1.78 प्रतिशत पर आ गई, जो अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी जबकि एक साल पहले अप्रैल में यह 8.7 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बने हुए हैं।

## रेपो दर में एक और कटौती की गुंजाइश बन गई

**खास बातें**

- जुलाई 2019 के बाद खुदरा मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर
- जुलाई, 2019 में खुदरा महंगाई 3.15 प्रतिशत थी



### अब आरबीआई पर है नजर

अप्रैल में आई इस राहत के बाद अब सभी की नजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पर है। पिछले महीने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट 6 फीसदी कर दिया था, और अब उम्मीद की जा रही है कि जून में एक और कटौती हो सकती है।

### जीडीपी में थोड़ी गिरावट

हाल ही में आरबीआई ने अपने 2025-26 के जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इसकी वजह बताई गई है वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एशिया पर भारी टैरिफ लगाने की आशंका। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के मुताबिक, अब फोकस सिर्फ महंगाई कंट्रोल करने से हटकर क्रेडिट ग्रोथ और इकनॉमिक सपोर्ट की ओर जा सकता है।

### खाने की चीजों के दाम कुछ थमे

*अप्रैल 2025 में फूड इंफ्लेशन गिरकर 1.78 फीसदी पर आ गई। मार्च में ये 2.69 फीसदी थी और फरवरी में 3.75 फीसदी। यानी थाली कुछ हद तक सस्ती हुई है। लेकिन सब कुछ नहीं, तेल, फल और दूध जैसी चीजें अब भी महंगी बनी हुई हैं।*

### कुछ चीजें महंगी भी हुईं


*महीने दर महीने की बात करें, तो सब्जियों, अंडों, दालों और मांस-मछली के दाम धीमी रफ्तार से बढ़े, लेकिन फल, तेल और दूध की कीमतों में उछाल जारी रहा। कुल मिलाकर, फूड एंड बेवरेजेस में सालाना 2.14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मार्च में ये 2.88 फीसदी थी।*

### 4 फीसदी से नीचे महंगाई

*3 महीने लगातार महंगाई 4 फीसदी से नीचे रही है। ऐसा पिछले 5 सालों में पहली बार हुआ है। एक पोल में 21 अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि अप्रैल में महंगाई 3.2 फीसदी रह सकती है। जबकि असल आंकड़ा उससे भी थोड़ा नीचे रहा।*

# अचानक से शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में 1282 अंक की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। निफ्टी भी 346.35 अंक गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई।

- आईटी और एफएमसीजी के शेयरों में रही मुनाफावसूली

इसके अलावा पावर ग्रिड, इटर्नल, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में... सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि मुनाफावसूली चौतरफा रही। आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और वाहन शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### द. कोरिया व जापान के बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख था। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव कम होने के बाद सोमवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही।

# सोने में 950 रुपए की बढ़त और चांदी रही कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 950 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाले सोने की कीमत 3,400-3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ क्रमशः 96,550 रुपये और 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस बीच, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,450 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में विराम के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में तेज गिरावट आने के बाद फिर से उछाल आया है।'' अमेरिका ने चीनी आयात पर शुल्क को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

### सोमवार को सोने में आई थी तीन फीसदी की गिरावट

*कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, "सोने में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो लगभग दो सप्ताह में सबसे कमजोर बंद स्तर है। हालांकि, मंगलवार को सोने में थोड़ी तेजी आई और यह 3,240 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया।"*

# आदित्य बिड़ला कैपिटल का लाभ 30 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 865 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,245.41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में इसकी कुल आय बढ़कर 12,239 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 10,803 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) सहित ऋण प्रतिभूतियां जारी कर 1,65,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक अलग बयान में कंपनी ने कहा कि उसका कुल ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2025 तक सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 1,57,404 करोड़ रुपये हो गया।

ADITYA BIRLA CAPITAL

# इफको के दो नए संयंत्रों में उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की प्रमुख उर्वरक कंपनियों में से एक सहकारी संस्था इफको ने उत्तर प्रदेश में दो नए संयंत्रों में नैनो लिक्विड डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता दो लाख बोतल प्रतिदिन की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इफको ने कहा कि उसने ''उत्तर प्रदेश में आंवला, बरेली और फूलपुर, प्रयागराज में अपने दो और नैनो संयंत्रों में इफको नैनो डीएपी लिक्विड का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।'' इसमें कहा गया कि दोनों नैनो उर्वरक संयंत्रों की क्षमता दो लाख बोतल (500 मिली) प्रतिदिन उत्पादन करने की है। इफको ने कहा, ''उत्पादन में इस वृद्धि से देश में नैनो डीएपी लिक्विड की आपूर्ति बढ़ेगी और यह देश भर के हमारे किसानों को आसानी से उपलब्ध होगा।'' पांच इफको नैनो उर्वरक संयंत्रों की कुल क्षमता प्रतिदिन 9.5 लाख बोतल है, जिसमें नैनो यूरिया और नैनो डीएपी दोनों शामिल हैं। इफको ने दावा किया, ''नैनो डीएपी लिक्विड पारंपरिक डीएपी की तुलना में बेहतर विकल्प है क्योंकि नैनो डीएपी में 100 नैनोमीटर से कम कण होते हैं, जो इसे अधिक प्रभावी बनाते हैं। यह पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में मिट्टी के पोषक तत्वों को बढ़ाता है। यह बेहतर फसल वृद्धि और अधिक पैदावार को भी बढ़ावा देता है।'' इफको ने जून, 2021 में दुनिया का पहला 'नैनो लिक्विड यूरिया' उर्वरक पेश किया।

- नैनो लिक्विड डीएपी का होगा उत्पादन

### 2000 करोड़ रुपए का निवेश

पिछले साल सितंबर में इफको के प्रबंध निदेशक यू एस अवस्थी ने कहा था कि सहकारी संस्था ने वर्ष 2017 से अपने दो नए उत्पादों - नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डीएपी पर करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्हें उम्मीद है कि किसान अगले 2-3 साल में इन प्रमुख पोषक तत्वों को बड़े पैमाने पर अपनाएंगे।

# सीमेंस का लाभ 37 फीसदी घटकर 408 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत से अधिक घटकर 408 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से स्थिर और अन्य लागत बढ़ने से कंपनी का मुनाफा नीचे आया है। अक्टूबर से सितंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। सीमेंस ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी का शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 649 करोड़ रुपये था।

# चीन के एंट ग्रुप ने पेटीएम में चार फीसदी हिस्सेदारी बेची

कंपनी ने हिस्सेदारी 2,103 करोड़ में बेची



**नई दिल्ली।** चीन की प्रमुख वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी एंट ग्रुप ने मंगलवार को डिजिटल भुगतान कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में चार प्रतिशत हिस्सेदारी 2,103 करोड़ रुपये में बेच दी। यह सौदा खुले बाजार के लेनदेन के माध्यम से हुआ। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, जाने-माने उद्योगपति जैक मा के एंट ग्रुप ने अपने सहयोगी एंटफिन नीदरलैंड होल्डिंग बी वी के माध्यम से दो अलग-अलग थोक सौदों के माध्यम से पेटीएम की मूल कंपनी नोएडा स्थित वन97 कम्युनिकेशंस में 2.55 करोड़ से अधिक शेयर यानी चार प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। एंट ग्रुप को पहले एंट फाइनेंशियल के नाम से जाना जाता था। यह चीन के अलीबाबा समूह की कंपनी है।

## वैश्विक बिक्री में कमी और नुकसान के चलते उठाया कदम

# अब 'निसान' 20 हजार नौकरियों पर चलाने जा रही कैंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल के महीने में गूगल समेत कई कंपनियों ने बड़ी तादाद में अपने कर्मचारियों को निकालने का ऐलान किया। अब इस लिस्ट में जापान की कार निर्माता कंपनी 'निसान' का नाम भी जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निस्सान करीब 20 हजार लोगों को निकालने जा रही है, जो पहले के ऐलान से करीब दोगुनी है। कंपनी की तरफ से ये फैसला वैश्विक बिक्री में कमी और नुकसान के चलते वित्तीय संकट के बीच उठाया गया है। नवंबर के महीने में निसान ने कहा था कि अमेरिका और चीन में उनकी कार की कम बिक्री की वजह से उनके मुनाफे में पहली छमाही के दौरान 94 की गिरावट आयी है।

- कंपनी के पहले छमाही में 94 फीसदी की आई गिरावट




### 15 फीसदी कम होगी कर्मचारियों की संख्या

*इसकी वजह से वे 9 हजार कर्मचारियों को बाहर निकालेंगे। जापान के ब्रॉडकास्टर एनएचके के मुताबिक, अब कंपनी ने 20 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है, जो निसान की कुल कर्मचारियों की संख्या का 15 प्रतिशत है। जापान कार निर्माता कंपनी ने हाल में ये अनुमान लगाया था कि उसका नुकसान पिछले वित्त वर्ष के दौरान 700-750 बिलियन येन (4.74 से 5.08 बिलियन डॉलर) का हुआ था।*

### प्रशासनिक कर्मचारियों को दिया जा सकता है रिटायरमेंट

*इसके अलावा, एक अन्य रिपोर्ट में ये भी सुझाव दिया गया है कि निसान की तरफ से जापान में प्रशासनिक कार्यों में लगे सैकड़ों कर्मचारियों को समय से पूर्व रिटायरमेंट दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो ये कंपनी का 18 वर्षों में पहला इस तरह का रिटायरमेंट प्लान होगा। हालांकि, निसान की तरफ से इस रिपोर्ट के बारे में अब तक किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।*

### कंपनी आउटडेटेड कार की चुनौतियों से जूझ रही

*गौर करनेवाली बात ये है कि निसान आउटडेटेड कार की चुनौतियों से जूझ रही है। इसी वजह से वे अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए लगातार डिस्काउंट ऑफर कर रही है। कंपनी की तरफ से वार्षिक वित्तीय एक-दो दिन में आने की उम्मीद है। कंपनी ने हाल ही में अपना कोई नया मॉडल भी बाजार में नहीं उतारा है। निसान के वाहन अधिकांशतः सेना में उपयोग किए जाते हैं।*

# माल ढुलाई 4.3 प्रतिशत बढ़कर 85.5 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2024-25 में माल ढुलाई (माल चढ़ाना एवं उतारना) में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह बढ़कर 85.5 करोड़ टन हो गई। यह जानकारी मंगलवार को एक सरकारी बयान में दी गई। देश में 12 प्रमुख बंदरगाह हैं। इन बंदरगाहों में दीनदयाल बंदरगाह, मुंबई बंदरगाह, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह, मोरमुगाओ बंदरगाह, न्यू मैंगलोर बंदरगाह, कोचीन बंदरगाह, वीओ चिदंबरनार बंदरगाह, चेन्नई बंदरगाह, कामराजर बंदरगाह, विशाखापत्तनम बंदरगाह, पारादीप बंदरगाह और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह शामिल हैं। प्रमुख बंदरगाहों पर ढुलाई के मामले में पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल)- जिसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलपीजी/एलएनजी शामिल हैं- 2024-25 में 25.45 करोड़ टन (29.8 प्रतिशत) की मात्रा के साथ सबसे ऊपर रहे। इसके बाद कंटेनर यातायात 19.35 करोड़ टन (22.6 प्रतिशत), कोयला 18.66 करोड़ टन (21.8 प्रतिशत) और अन्य कार्गो श्रेणियां जैसे लौह अयस्क, छर्रे, उर्वरक का स्थान रहा।

- देश में 12 प्रमुख बंदरगाह कार्यरत

# आईपीएल : आरसीबी सहित कई को झटका, इन खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा, लेकिन उससे पहले RCB को दो बड़े झटके लग सकते हैं। कप्तान रजत पाटीदार पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनकी उपलब्धता संदिग्ध है। जोश हेजलवुड के भारत लौटने की संभावना काफी कम नजर आ रही है।

### पाटीदार की वापसी लग रही मुश्किल

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, रजत को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान उंगली में चोट लगी थी। माना जा रहा है कि उन्हें ठीक होने में काफी समय लग सकता है और वे इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली इंडिया-ए टीम से भी बाहर हो सकते हैं। फिलहाल उन्हें उंगली की सुरक्षा के लिए स्प्लिंट (सख्त पट्टी या ढांचा) पहनने की सलाह दी गई है और उनकी चोट की स्थिति आने वाले दिनों में दोबारा जांची जाएगी।

### हेजलवुड का लौटना क्यों है मुश्किल?

आरसीबी के प्रमुख तेज गेंदबाज हेजलवुड की उपलब्धता को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। उन्हें पहले से कंधे में चोट थी, जिससे वे सीएसके के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके अलावा, वे भारत के खिलाफ 5 में से 3 टेस्ट, श्रीलंका दौरा और चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए थे। 11 जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को देखते हुए उनका टीम से जुड़ना मुश्किल लग रहा है।



### पहले भी लगा था आरसीबी को झटका

आईपीएल के स्थगित होने से पहले आरसीबी को एक और झटका लगा था, जब मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल चोटिल होने के कारण पूरे संस्करण से बाहर हो गए थे। उनकी जगह आरसीबी ने मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर रजत उपलब्ध नहीं रहते हैं तो टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को सौंपी जा सकती है। रजत को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। रजत ने इस संस्करण 11 मुकाबले खेले और इसकी 10 पारियों में 23.90 की औसत और 140.58 की स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64 रन रहा। हेजलवुड ने 10 मैचों की 10 पारियों में 17.27 की औसत के साथ 18 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 8.44 की रही।

### सीए ने आईपीएल में लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ा

*सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल फाइनल की तैयारियों से टकरा रही हैं। बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जायेगा। इससे आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉर्ड्स पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है। खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करेंगे क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिये भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा। इसमें कहा गया हम सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीसीआई और आस्ट्रेलियाई सरकार के संपर्क में हैं। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें आस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है।*

### 11 जून से होना है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

11 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। कुल मिलाकर, ऐसे कई देश हैं जिनके इंटरनेशनल खिलाड़ी बड़े मैचों में बिजी रहेंगे जैसे ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज। ऐसे में अब यह खिलाड़ी आईपीएल 2025 के मैचों में नजर नहीं आ सकते हैं।

### वेस्ट इंडीज-इंग्लैंड के ये खिलाड़ी लौट सकते हैं घर

बता दें कि इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 29 मई से 3 जून तक वनडे सीरीज आयोजित की जाएगी। ऐसे में आईपीएल 2025 में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। वेस्टइंडीज की टीम में रोमारियो शेफर्ड, सुनील नारायण, निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे खिलाड़ी हैं। ऐसे में इन खिलाड़ियों का आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों में हिस्सा लेना मुश्किल है। इसके अलावा इंग्लैंड के जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर, सैम करन, विल जैक्स, फिल सॉल्ट और मोईन अली इंटरनेशनल टीम में शामिल हैं।

### इन बड़ी टीमों को लग सकता है झटका

ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर सहित मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी बड़ी टीमों को झटका लगेगा। हालांकि चेन्नई की टीम आईपीएल 2025 से बाहर हो चुकी है, लेकिन बाकी टीमों के लिए अब मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स के भी सबसे मजबूत खिलाड़ी इस मुकाबले में नजर नहीं आएंगे, क्योंकि यह आईसीसी के बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होगा। ऐसे में ये खिलाड़ी आईपीएल से ब्रेक लेंगे। इनके वापस भारत लौटने की संभावना कम है।

## खबर संक्षेप



### बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी रोम मास्टर्स से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक की जोड़ी मंगलवार को यहां जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की की ब्रिटेन की जोड़ी से सीधे सेटों में हारकर रोम मास्टर्स की पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गयी बोपन्ना और पावलासेक प्री-क्वार्टर फाइनल मैच को एक घंटे आठ मिनट में 3-6, 3-6 से हार गए। बोपन्ना की हार के साथ ही इस 'क्ले कोर्ट' टूर्नामेंट से भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। एटीपी 1000 स्तर के इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गालोवे को शुरुआती दौर में ही शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

### क्वीन सिरिकिट कप में जारा आनंद भारतीयों में शीर्ष पर

**मियाजाकी (जापान)।** जारा आनंद क्वीन सिरिकिट कप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। भारत की सबसे प्रतिभावान एमेच्योर खिलाड़ियों में से एक जारा



ने तीन बर्डी की लेकिन चार बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर एक ओवर रहा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय हीना कांग (76) और मन्नत बरार (77) क्रमशः संयुक्त 21वें और संयुक्त 25वें पायदान पर हैं। हीना ने दो बर्डी के अलावा चार बोगी और एक डबल बोगी की जबकि मन्नत ने दो बर्डी, पांच बोगी और एक डबल बोगी की। भारतीय टीम अपने शीर्ष दो खिलाड़ियों के स्कोर से कुल पांच ओवर 149 के स्कोर से संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

### अल्कारेज ने इटैलियन ओपन में खचानोव को हराया

**रोम।** स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को यहां कड़े मुकाबले में कैरेन खचानोव को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने 24वें नंबर



के खिलाड़ी खचानोव के खिलाफ 6-3, 3-6, 7-5 से जीत दर्ज की। खचानोव के खिलाफ पांच मैच में यह अल्कारेज की पांचवीं जीत है। पिछले महीने बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान दाहिने पैर में चोट लगने के कारण अल्कारेज मैड्रिड ओपन से हट गए थे। उनके बाएं पैर में भी चोट लगी थी। अप्रैल में मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब जीतने वाले अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर 12 मैच जीते हैं और एक मैच गंवाया है। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज क्वार्टर फाइनल में जैक ड्रैपर से भिड़ेंगे जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कोरेनटिन मोटेट को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया।

## फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल कमिंस की कप्तानी में खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। पैट कमिंस की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम को तैयार किया गया है, जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है।

टीम में स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और मार्नस लाबुशेन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ इस अहम मुकाबले के लिए ब्रेंडन डॉगेट को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मैट कुह्नमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।



### ग्रीन की हुई वापसी

*मार्च 2024 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलने वाले ग्रीन की वापसी हुई है। उनके पीठ की सर्जरी हुई थी। इस कारण वह इतने दिन क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वह भारत के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाए थे। ग्रीन ने 28 टेस्ट की 43 पारियों में 36.23 की औसत से 1,377 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में उनके नाम 35 विकेट है।*

### कौन है रिजर्व खिलाड़ी ब्रेंडन डॉगेट?

डॉगेट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक एक भी टेस्ट नहीं खेला है। उन्होंने 48 प्रथम श्रेणी मुकाबलों की 86 पारियों में 27.32 की औसत से 177 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 10 बार 4 विकेट हॉल और 7 बार 5 विकेट हॉल झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/15 का रहा है। लिस्ट-ए क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 16 मैच की 15 पारियों में 36 की औसत से 24 विकेट है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/75 का रहा है।

### दोनों टीमों का प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 मैचों में (8 जीत और 3 हार) 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने में सफल रही थी। यह टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर थी। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया टीम ने 17 मैचों में (11 जीत और 4 हार) 63.73 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया था। उसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से अपने नाम की थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने किया अपनी टीम का ऐलान, लुंगी-रबाडा की हुई वापसी



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। 11 जून को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ यह फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी हुई है। वह चोटिल होने के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान पहले ही कर दिया है। तेज गेंदबाज रबाडा ने मनोरंजक ड्रग लिया था, जिस कारण उनका परीक्षण सकारात्मक पाया गया था। उन्हें एक महीने के लिए निलंबन झेलना पड़ा था, अब उपचार कार्यक्रम के बाद आईसीसी ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम: तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को यानसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरेंने (विकेटकीपर), डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन।

## बुमराह ने खुद को किया अलग

# अब इन खिलाड़ियों से चुना जाएगा कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि भारत का नया टेस्ट कप्तान कौन होगा। हालांकि कुछ समय पहले तक यह दावा किया जा रहा था कि शुभमन गिल, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार हैं। लेकिन हाल ही में हुए खुलासे ने सभी को चौंका दिया है।

दरअसल, एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह ने खुद को भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ से बाहर कर लिया है। यानी जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी संभालना नहीं चाहते। ऐसे में अब उनकी जगह एक नया दावेदार इस रेस में जुड़ गया है। शुभमन गिल लंबे समय से भारतीय टीम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ऋषभ पंत का टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। ऋषभ पंत का गाबा टेस्ट मैच आज भी यादगार है। ऐसे में उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।



### ऋषभ का टेस्ट में शानदार रहा रिकॉर्ड

शुभमन गिल और केएल राहुल से भी ज्यादा इस समय सबसे बड़ी दावेदारी ऋषभ पंत की नजर आ रही है। ऋषभ पंत भारत के नए टेस्ट कप्तान बन सकते हैं। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के चलते यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। टेस्ट में ऋषभ का हमेशा से ही शानदार रिकॉर्ड रहा है।

### अब ये खिलाड़ी बन गया सबसे बड़ा दावेदार

दरअसल, अब कुल मिलाकर तीन नाम इस रेस में शामिल हैं केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत। बता दें कि हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स की टीम की कप्तानी संभालने से केएल राहुल ने इनकार कर दिया था। ऐसे में अगर वह भारतीय टीम की कप्तानी संभालने से भी मना कर देते हैं, तो भारत के नए कप्तान के रूप में दो ही चेहरे दिखाई दे रहे हैं।

# इंग्लैंड का प्रदर्शन श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी खराब



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ताजा वनडे रैंकिंग के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम का 2027 वनडे विश्व कप में सीधे पहुंचना खतरे में लग रहा है। 2019 की चैंपियन इंग्लैंड अब रैंकिंग में 8वें स्थान पर पहुंच गई है। उनका रेटिंग अंक सिर्फ 84 है। वह अब श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी पीछे हैं। इंग्लैंड ने 4 मई 2024 से 5 मई 2025 तक खेले गए 14 वनडे मैचों में सिर्फ 3 ही मुकाबले जीत पाए थे।

### नेपाल और बांग्लादेश से भी खराब प्रदर्शन

इंग्लैंड के हालिया खराब प्रदर्शन ने उनकी 2027 विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा दिया है। उनका जीत-हार का अनुपात सिर्फ 0.272 का है, जो बहुत ही कम है। वे अब सिर्फ नेपाल (0.200) और बांग्लादेश क्रिकेट टीम (0.142) से ऊपर हैं। इस कमजोर अनुपात के कारण उनका विश्व कप में सीधे खेलना खतरे में पड़ गया है। इंग्लैंड को टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी इंग्लैंड

*अभी इंग्लैंड आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर है और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम से सिर्फ एक अंक आगे है, जबकि वेस्टइंडीज 9वें स्थान पर है और उसके 83 रेटिंग अंक हैं।दोनों टीमें 29 मई से शुरू होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी।अगर वेस्टइंडीज यह सीरीज जीत लेती है तो इंग्लैंड की 2027 विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना और भी कम हो सकती है। अगर इंग्लैंड रैंकिंग के जरिए सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाता है तो उसे पहली बार विश्व कप क्वालीफायर्स खेलने होंगे, जो उसके लिए एक नई और बड़ी चुनौती होगी। यह स्थिति 2023 में वेस्टइंडीज के जैसी होगी, जब वे क्वालीफायर्स खेले, लेकिन मुख्य टूर्नामेंट में जगह नहीं बना पाए। अब इंग्लैंड की कमान नए कप्तान हैरी ब्रूक के हाथ में है, जिन पर टीम को वनडे में सुधार की राह पर ले जाने की जिम्मेदारी होगी।*

### इस तरह टीमें लेंगी 2027 विश्व कप में भाग

2027 वनडे विश्व कप में 14 टीमें भाग लेंगी। सह-मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नामीबिया भी सह-मेजबान है इसके बावजूद सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा, क्योंकि ICC नियमों के अनुसार केवल पूर्ण सदस्य देश ही स्वतः क्वालीफाई कर सकते हैं। 31 मार्च, 2027 तक की ICC वनडे रैंकिंग में शीर्ष 8 टीमें भी टूर्नामेंट में सीधे जगह बनाएंगी। बाकी टीमें क्वालीफायर टूर्नामेंट से तय होंगी।

# कई दिग्गज खिलाड़ियों ने किया विराट की कप्तानी में टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह महान बल्लेबाज होने के साथ-साथ भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान के तौर पर भी याद किए जाएंगे। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी और कई युवा खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू का मौका दिया। उनकी कप्तानी में टीम ने कई ऐतिहासिक जीत अपने नाम की थी। ऐसे में आइए कोहली के नेतृत्व में टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं।

### इन बल्लेबाजों को भी कोहली की कप्तानी में मिला था मौका



करुण नायर, हनुमा विहारी, पृथ्वी शॉ और मयंक अग्रवाल ऐसे बल्लेबाज रहे, जिन्होंने कोहली की कप्तानी में ही अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। हालांकि, अभी ये सभी खिलाड़ी टीम से बाहर चल रहे हैं। करुण ने अपना पहला मैच साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। हनुमा ने भी अपना पहला मुकाबला 2018 में इंग्लैंड के ही खिलाफ खेला था। पृथ्वी और मयंक ने अपना टेस्ट डेब्यू क्रमशः वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2018 में किया था।

### आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद में होने की संभावना



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब एक बार फिर 17 मई से शेष बचे मुकाबले होने जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आधिकारिक रूप से प्लेऑफ और फाइनल के आयोजन स्थलों की घोषणा नहीं की है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालिफायर-2 और फाइनल खेला जा सकता है। जो क्रमशः 1 और 3 जून को खेले जाने हैं।

### क्यों हो सकता है अहमदाबाद में फाइनल?

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम के कारण बीसीसीआई ने अब तक प्लेऑफ के लिए जगहों का ऐलान नहीं किया है। बोर्ड देशभर में मॉनसून की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और उसके बाद ही शेड्यूल फाइनल करेगा। अगर मौसम की भविष्यवाणी गलत साबित होती है तो योजना बदल सकती है। हालांकि, फिलहाल उम्मीद है कि जून की शुरुआत में अहमदाबाद में बारिश की कोई संभावना नहीं है, इसलिए वहीं मुकाबले कराए जा सकते हैं।

# कोहली पहुंचे संत प्रेमानंदजी के दर्शन करने...

**मथुरा।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरू प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढे तीन घंटे रुके। साझा किए गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते व प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया जिसमें उन्होंने विराट से पूछा



कि क्या वह खुश हैं। वृंदावन से लौटने से पूर्व वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरू गौरांगी शरण महाराज के भी उन्होंने दर्शन किए।


## भारतीय स्टेट बैंक

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा(10009), ब्लॉक बी-1, पुजारी चेंबर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) फोन- 0771-4919730, मो. 7587181472, 8889375554, 8817876067

### विक्रय नोटिस

परिशिष्ट-IV क (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, **2002 के 8(6)** के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित हैं, का भौतिक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से भारतीय स्टेट बैंक प्रतिभूत लेनदार को निम्नवर्णित तालिका के कॉलम "D" में वर्णित बकाया राशि एवं उस पर देय ब्याज व अन्य खर्चों की वसूली हेतु दिनांक **30.05.2025 (विक्रय की तारीख) को समय प्रातः 11.00 से सायं 4 बजे** तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) बेचा जाएगा.

**ई-नीलामी दिनांक 30.05.2025, ई-नीलामी का समय : प्रातः 11.00 से सायं 4 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ**

| क्र. (A) | ऋणी एवं जमानतदारो का नाम (B) | संपत्ति का विवरण एवं टाइटल धारक का नाम (C) | बकाया राशि जिस हेतु संपत्ति का विक्रय किया जा रहा है एवं मांग सूचना पत्र दिनांक (D) | आरक्षित मल्य ईएमडी (धरोहर राशि) वृद्धि दर |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | **उधारकर्ता- मेसर्स रेडियस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निदेशको के माध्यम से** **जमानतदारो- 1. श्री कैलाश सोनी** पिता स्व. श्री गुलाब चंद सोनी **2. श्री गुलाबचंद सोनी** पिता स्वर्गीय श्री रामचन्द्र सोनी (चूंकि मृतक, उनके बैंक को ज्ञात कानूनी उत्तराधिकारियों / प्रतिनिधियों) (i) श्री कैलाश सोनी पिता स्वर्गीय श्री गुलाब चंद सोनी (ii) श्रीमती भारती देवी सोनी पति श्री कैलाश सोनी (iii) श्रीमती बिदामी देवी सोनी पति स्वर्गीय श्री गुलाब चंद सोनी (iv) कुमारी पृथ्वी प्राणा सोनी पिता श्री कैलाश सोनी (v) कुमारी शिवानी प्राणा सोनी पिता श्री कैलाश सोनी | (I) आवासीय भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं 2/61, प. ह नं 35/1(नया-27),प्लॉट नं 57, वार्ड नं 17,वर्धमान नगर, कोरिन भाटा, **राजनांदगांव** (छ.ग.) क्षेत्र- 2340 वर्गफीट, मालिकाना हक - श्री कैलाशचंद सोनी पिता स्वर्गीय श्री गुलाबचंद सोनी। सीमाएं (टाइटल डीड के अनुसार):- उत्तर: प्लॉट नं.-58 (श्री गुलाबचंद सोनी), दक्षिण: प्लॉट नं.- 56, पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉट नं.-47. **(भौतिक कब्जा)** (ii) आवासीय भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं 62/30 एवं 63/30, प. ह नं 36/24 (35/1/27),प्लॉट नं 58, वार्ड नं 17,वर्धमान नगर, कोरिन भाटा, **राजनांदगांव** (छ.ग.) क्षेत्र- 2340 वर्गफीट, मालिकाना हक - श्री गुलाबचंद सोनी पिता स्वर्गीय श्री रामचंद्र सोनी (चूंकि मृतक, उनके उत्तराधिकारियों / प्रतिनिधि के द्वारा प्रतिनिधित्व)। सीमाएँ (टाइटल डीड के अनुसार) उत्तर: प्लॉट नंबर-59 (श्री गुलाबचंद सोनी), दक्षिण: प्लॉट नंबर-57 (श्री कैलाश सोनी), पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉट नंबर- 48. **(भौतिक कब्जा)** **"संयुक्त रूप से भूमि क्षेत्र- 4680 वर्गफ़ीट एवं भवन संयुक्त कब्जे में है"।** | **₹3,53,31,555.00** +ब्याज+ अन्य विधिक खर्च उसके पश्चात वसूल की गई राशि समायोजन के पश्चात (मांग सूचना नोटिस दिनांक 02.04.2019 के अनुसार) | **₹1,68,51,000.00** **₹16,85,100.00** **₹50,000.00** |

इच्छुक बोली लगाने वाले/ खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **Baanknet** के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल **www.baanknet.com** में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वालेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्ट्रेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वालेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय/ विभाग से जानकारी प्राप्त करें। संपत्ति से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। सभी वैधानिक / गैर-सांविधिक बकायों, करों, दरों, निर्धारणों, प्रभारों, शुल्को आदि का भुगतान, जो किसी प्राधिकारी या किसी को देय हो, का भुगतान केवल सफल बोली लगाने वाले की ही जिम्मेदारी होगी।
ई-नीलामी **"जहां है जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर एवं ऑनलाईन होगी। ई-नीलामी की प्रक्रिया बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **Baanknet द्वारा वेब पोर्टल www.baanknet.com के माध्यम से संचालित की जावेगी।** विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिये गये भारतीय स्टेट बैंक (प्रतिभूत लेनदार) की वेबसाईट **https://www.sbi.co.in** (वेबसाईट का ब्यौरा) देखें।

यह प्रकाशन ऋणी / जमानतदारों / बधककर्ताओं को प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अन्तर्गत 15 दिवसीय सूचना भी है।

**संपत्तियों के निरीक्षण का दिनांक एवं समयः 14.05.2025 से 29.05.2025 के बीच (पुर्व में लिए गए समय अनुसार)**

यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।

दिनांकः 13.05.2025, स्थान- रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक,सार्ब रायपुर

# 5 महिला समेत 14 हार्डकोर नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छग शासन की पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव के चलते मंगलवार को एसपी किरण चव्हाण व अन्य अधिकारियों के समक्ष 5 महिला समेत 14 हार्डकोर नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 5 महिला व 3 पुरुष नक्सली पर 2-2 लाख कुल 16 लाख रूपए का इ्रनाम घोषित था।

- समर्पित नक्सलियों पर शासन ने 16 लाख का ईनाम किया था घोषित

नक्सलियों को आत्मससमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल, आसूचना शाखा टीम, जिला बल, एवं सीआरपीएफ 02, 74, 131, 151, 217, 223, 226, व 203 कोबरा वाहिनी की विशेष भूमिका रही। एसपी ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति-2025 के तहत 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधायें दी जाएगी।

### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पित नक्सलियों में 2-2 लाख के ईनामी कटेकल्याण एरिया कमेटी पार्टी सदस्य व जंगमपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष कुहरम भीमा के अलावा तेलाम हिड़मा नगाराम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष, माड़वी पोज्जे प्लाटून नम्बर 26 पार्टी सदस्या पोड़ियाम आयते, माड़वी मंगड़ी, सोड़ी सोना, मड़कम हुंगी, रवा लख्खे, गोंगे उर्फ सरियम आयता, सोड़ी केसा, कुंजाम गंगा, माडवी मूका, माड़वी देवा उर्फ पाड़ा देवा, तेलाम पोज्जा व अन्य शामिल है।

# 18 अफसरों की डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन ने 18 अधीक्षक भू-अभिलेख और तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है उनमें अधीक्षक भू-अभिलेख शशि शेखर को डिप्टी कलेक्टर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दुष्यंत कीर्तिमान कोशले बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर नारायणपुर, आदित्य कुंजाम दुर्ग को डिप्टी कलेक्टर बीजापुर, उपेंद्र किंडों दंतेवाड़ा को डिप्टी कलेक्टर रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

- 5 अधीक्षक भू-अभिलेख और 13 तहसीलदार हुए पदोन्नत

### 13 तहसीलदार हुए पदोन्नत

जिन तहसीलदारों को पदोन्नत किया गया है उनमें किशोर शर्मा कोरबा को डिप्टी कलेक्टर कोंडागांव, दुकालूराम ध्रुव बीजापुर को डिप्टी कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सुनील अग्रवाल जशपुर को डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर, सुभाष कुमार शुक्ला बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर सुकमा, मनीष देव साहू रायपुर को डिप्टी कलेक्टर कांकेर, मनीष कुमार वर्मा राजनांदगांव को डिप्टी कलेक्टर बस्तर, मुकेश कुमार देवांगन बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर बीजापुर, तुलसी राठौर रायपुर को जोन आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर, पूनम तिवारी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ को उपायुक्त भू-अभिलेख रायपुर, प्रीतम सिंह चौहान खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को डिप्टी कलेक्टर जशपुर, सुनील कुमार सोनपिपरे कबीरधाम को डिप्टी कलेक्टर नारायणपुर, देवेंद्र कुमार सिरमौर महासमुंद को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, पवन कोसमा रायपुर को डिप्टी कलेक्टर जांजगीर-चांपा, रामराज सिंह बलरामपुर-रामानुजगंज को डिप्टी कलेक्टर सरगुजा पदस्थ किया गया हैं।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में



जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
जोड़ एवं हड्डी रोग विभाग
- फ्रैक्चर का ईलाज, जोड़ प्रत्यारोपण
- जोड़ो की चोटो का दूरबीन द्वारा ईलाज
- सियाटिका, स्लिप डिस्क, कमर दर्द का ईलाज
- जोड़ो का दर्द व गठिया (arthritis) का ईलाज
- हड्डी का ना जुड़ना या हड्डी में मवाद पड़ने का ईलाज
- हाथ पैर में जन्मजात विकृतियों का ईलाज
- इम्पोर्टेड CR मशीन द्वारा डिजिटल एक्स-रे की सुविधा

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

### गांजा तस्कर की संपत्ति जब्त

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले वाली महिला जी सरोजनी, जी धनराजू की संपत्ति को जप्ती करने का आदेश मिला है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र में 6 सितंबर 2024 को अवैध गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने जी. सरोजनी को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियां पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले में शामिल थी। अवैध गांजा का कारोबार कर धन एवं संपत्ति बनाया गया है। दुर्ग पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति व हेण्डलर डिल्ट्रीब्यूटर के चेन को तोड़ने कारोबार करने वाले और उसमें शामिल लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर रही है। जी. सरोजनी के खुर्सीपार स्थित 2 मकान, मिनी माता नगर स्थित 1 मकान, उनके घर में उपयोग किये जाने वाले 2 पहिया वाहनों को जप्त कर फ्रीजिंग आर्डर थाना प्रभारी खुर्सीपार द्वारा जारी किया है। जिसे सेफिमा कोर्ट मुंबई को भेजा गया था।



RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290057246, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290057248, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIABAND - 9667947878, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290057247, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR, SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR - 8448989091



Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Chhattisgarh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com